www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
23 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 273

जाट के बेटे और किसान नेता को भाजपा ने धक्का दे दिया : सुप्रियो



# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर

- संसद भी नहीं पहुंचे, विदाई समारोह में शामिल नहीं होंगे
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश
- विपक्ष बोला, वजह स्वास्थ्य नहीं, कुछ और



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवारी ने यह जानकारी दी। दूसरी तरफ, राज्यसभा के उपसभापति और जदयू सांसद हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। हरिवंश ने ही मंगलवार सुबह 11 बजे जगदीप धनखड़ की जगह राज्यसभा की कार्यवाही शुरू की थी। धनखड़ मंगलवार को सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए थे। इससे पहले खबर आयी थी कि धनखड़ विदाई समारोह में भी शामिल नहीं होंगे। बताते चलें कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था कि ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त, 2027 में रिटायर हो जाऊंगा। राष्ट्रपति को लिखे त्यागपत्र में धनखड़ ने पद छोड़ने की वजह स्वास्थ्य बताया था। दूसरी तरफ विपक्ष इस्तीफे पर सवाल कर रहा है। कह रहा है कि इसकी वजह कुछ और है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 21 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। इस बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत ज्यादातर सदस्य मौजूद थे। थोड़ी देर की चर्चा के बाद तय हुआ कि समिति की अगली बैठक शाम 4:30 बजे फिर से होगी। शाम 4:30 बजे धनखड़ जी की अध्यक्षता में समिति के सदस्य दोबारा बैठक के लिए इकट्ठा हुए। सभी नड्डा और रिजिजू का इंतजार करते रहे, लेकिन वे नहीं आये। सबसे हैरानी की बात यह थी कि धनखड़ जी को व्यक्तिगत रूप से यह नहीं बताया गया कि दोनों मंत्री बैठक में नहीं आयेंगे। उन्होंने बैठक को मंगलवार दोपहर एक बजे के लिए टाल दी।

## प्रधानमंत्री ने धनखड़ के स्वास्थ्य की कामना की



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा कि जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

## उपराष्ट्रपति के इस्तीफा देने के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज

- तरह-तरह के लगाये जा रहे कयास, विपक्ष साध रहा निशाना
- नये उपराष्ट्रपति के लिए बिहार कनेक्शन होने की चर्चा



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गयी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इनका इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है, लेकिन विपक्षी पार्टियां धनखड़ के इस्तीफे की टाइमिंग पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। अलग-अलग कयास लगाये जा रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने धनखड़ के इस्तीफे को लेकर बड़ा दावा किया है। हरीश रावत ने कहा कि इस्तीफे की आकस्मिकता न सिर्फ चौंकाती है, बल्कि बहुत गहरी बात भी कहती है, क्योंकि इस्तीफे के तुरंत बाद ही कई नामों की चर्चा होने लगी, जिनमें ज्यादातर नाम बिहार के चुनाव को प्रभावित करते हैं। उन्होंने जिस समय में इस्तीफा दिया है, वह कहानियां और कई बातें बताय रही हैं। इस इस्तीफे के पीछे की गहराई का स्पष्टीकरण केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या जगदीप धनखड़ दे सकते हैं। रावत ने दावा किया कि बिहार में भाजपा का जो गठबंधन है, वो एक व्यक्ति विशेष के कारण असहज हो रहा है। उसी को अकोमडेट करने के लिए धनखड़ को संकेत दिया गया कि महाराज की बहुत हो गया, अब आप उतर जाइये।

### हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही

## बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्ष के सांसदों का संसद में प्रदर्शन

- लोकसभा-राज्यसभा बुधवार तक के लिए स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने बिहार में वोटर लिस्ट की जांच और स्पेशल इंटेसिव रिविजन (एसआइआर) के खिलाफ सदन के अंदर और बाहर विरोध किया। सांसदों ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री के जवाब और सदन में चर्चा की भी मांग की। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

**विपक्ष ने संसद भवन की सीढ़ियों पर किया प्रदर्शन:** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने मकर द्वार पर संसद भवन की सीढ़ियों पर खड़े होकर बिहार रक्फ़ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसी तरह, राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने बिहार में वोटर लिस्ट की जांच पर चर्चा की मांग करते हुए नारे लगाये।




### विपक्ष विरोध प्रदर्शन कर जनता का पैसा बर्बाद कर रहा : रिजिजू

विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही 23 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा और राज्यसभा की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे फिर से होगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष विरोध प्रदर्शन करके जनता का पैसा बर्बाद कर रहा है।

## नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान पहुंचे रांची, आज लेंगे शपथ



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान मंगलवार को 11:55 बजे इंडिगो विमान से रांची के भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। हाइकोर्ट के अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की। इसके बाद वे होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस के रूप में बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें शपथ दिलायेंगे। नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट में चीफ जस्टिस के बाद सबसे सीनियर जज थे। उन्होंने स्कूली शिक्षा शिमला से प्राप्त की है। चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से उन्होंने कानून की पढ़ाई की है। 1989 में हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में एडवोकेट के तौर पर उन्होंने दाखिला लिया था। हाइकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर 2014 में उन्हें पदोन्नत किया गया था। उसी साल उन्हें स्थायी न्यायाधीश भी नियुक्त किया गया था।

## राज्य में 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

- मंत्री इरफान अंसारी ने सौंपे नियुक्ति पत्र
- कहा, अब हर जिला बनेगा इलाज का सशक्त केंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। नामकुम स्थित आइपीएच सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने चयनित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। यह अब तक की सबसे बड़ी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति है, जिसे सरकार की एक क्रांतिकारी पहल माना जा रहा है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि हमारा सपना है कि झारखंड को मेडिकोज सिटी बनायें। हर व्यक्ति को उसके जिले में बेहतर इलाज मिले। इसी सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। नवनियुक्त डॉक्टरों को न केवल सम्मान बल्कि जिम्मेदारी भी दी जा रही है। अब हर डॉक्टर अपने अस्पताल का 'स्वास्थ्य मंत्री' है।

अंसारी ने बताया कि सरकार पहली बार विशेषज्ञ डॉक्टरों को बीड आधारित सैलरी और पसंद की पोस्टिंग दे रही है। इससे डॉक्टरों का मनोबल बढ़ेगा और सेवा की गुणवत्ता में सुधार आयेगा। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम निदेशक शशि प्रकाश झा, प्रबंध निदेशक जेएमएचआइडीपीसीएल अबु इमरान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत करते हुए राज्य के 9 जिलों में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखायी गयी। साथ ही आरसीएच कैंपस में आयोजित स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन भी किया गया।

## छह दशक तक आसमान में बादशाहत के बाद विदा होगा मिग-21

- हर युद्ध में कमाल दिखाने वाला मिग-21 फाइटर जेट 19 सितंबर को रिटायर होगा
- 1963 में एयरफोर्स में शामिल हुआ, तीन जंग में शामिल रहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिंदुस्तान के आसमान में 60 और 70 के दशक में अपनी बादशाहत कायम रखने वाला फाइटर जेट मिग-21 सितंबर में रिटायर हो रहा है। पैंथर्स के नाम से मशहूर 23 स्क्वाड्रन ने भारत के हर छोटे-बड़े युद्ध में हिस्सा लिया। 60 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय वायुसेना का हिस्सा रहने के बाद इसे अब 19 सितंबर को चंडीगढ़ एयरबेस पर एक समारोह में विदाई दे दी जायेगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जायेंगी।

**1963 में आइएएफ में शामिल हुआ था:** मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना (आइएएफ) में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था, यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता था। फाइटर जेट की आखिरी दो स्क्वाड्रन (36 मिग-21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अब इसकी जगह तेजस एमके 1ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे।

## अपाचे हेलिकॉप्टर की पहली खेप भारतीय सेना को मिली



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय सेना को अमेरिका से तीन अपाचे एएच-64इ हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिल गयी। सेना ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इन्हें अमेरिका से एंटोनोव ट्रांसपोर्ट विमान में गाजियाबाद जिले के हिंडन एयर बेस लाया गया। सेना के मुताबिक सौदे के तहत 6 अपाचे गार्डियन हेलिकॉप्टर मिलने हैं। जिनमें तीन आ चुके हैं। इन्हें रेत जैसे रंग से रंगा गया है, इससे रेगिस्तानी इलाकों में छिपने में मदद मिलती है। इन हेलिकॉप्टर से सेना के हमला करने और ऑपरेशनल क्षमता में काफी इजाफा होगा। अपाचे हेलिकॉप्टर को पाकिस्तान के साथ लगी पश्चिमी सीमा के पास जोधपुर में तैनात किया जायेगा। भारतीय थल सेना को पहली बार अपाचे हेलिकॉप्टर मिले हैं। ये हेलिकॉप्टर दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में से हैं। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर हैं।

## दो दिवसीय दौरे पर 31 जुलाई को झारखंड आयेंगी राष्ट्रपति

### मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा की



- देवघर, धनबाद और रांची का है कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से एक अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर देवघर, रांची और धनबाद पहुंच रही हैं। इस दौरान वह देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। वहीं धनबाद में आइआइटी (आइएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक-चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। सावन माह में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किये राष्ट्रपति के आने-जाने की व्यवस्था होगी। मुख्य सचिव ने व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और आइजी अखिलेश कुमार झा करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी। बैठक में देवघर, धनबाद और रांची के उपायुक्तों ने समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन से लेकर पूरे कार्यक्रम का ब्लू प्रिंट साझा किया।

### न्यूज रील्स

## सीबीएसइ के सभी स्कूलों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

नयी दिल्ली। सीबीएसइ ने अपने सभी स्कूलों को सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है। बोर्ड ने स्कूलों को गाइडलाइंस जारी करते हुए कहा है कि स्कूल में सभी जरूरी जगहों पर कैमरे लगे होने चाहिए। इसमें क्लासरूम के अलावा एंट्री-एग्जिट, कॉरिडोर और लैब शामिल हैं। टॉयलेट और वॉशरूम को प्राइवेसी कारणों के चलते इससे बाहर रखा गया है। ये गाइडलाइंस स्कूलों में बच्चें की सुरक्षा तय करने के लिए जारी की गयी हैं। बोर्ड का कहना है कि इससे स्कूल में बुलिंग और एब्यूस जैसी घटनाओं पर भी नजर रखी जा सकेगी। सभी कैमरे वर्किंग कंडीशन में होने चाहिये और इनमें कम से कम 15 दिन की रिकॉर्डिंग रहनी चाहिये। इससे बच्चों को किसी भी तरह की शिकायत करने के लिए एक टाइम फ्रेम मिल जायेगा। स्कूल प्रशासन भी समय रहते मामलों की जांच कर पायेंगे। स्कूलों को ये भी निर्देश है कि वे खुद भी समय-समय पर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करते रहें।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# किधर का रुख करेगी बिहार की सत्ता की 'अति-पिछड़ा' गाड़ी

## ■ बिहार के सबसे बड़े वोट बैंक पर है सभी राजनीतिक दलों की नजर

## ■ पिछले 20 साल से अति-पिछड़ों के कारण ही अजेय बने हुए हैं नीतीश

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव के मद्देनजर चरम पर पहुंच चुकी राजनीतिक गतिविधियों के बीच अब सामाजिक समीकरणों पर राजनीतिक दलों की चौकन्नी नजर है। हरेक विधानसभा सीट के सामाजिक समीकरणों पर एकत्र की गयी रिपोर्ट के आधार पर रणनीतियां तैयार की जा रही हैं और अलग-अलग तरीके से बिहार की सत्ता की इस 'अति पिछड़ी' गाड़ी को अपने पास खड़ा करने की जुगत भिड़ायी जा रही है। बिहार की राजनीति में सबसे बड़ा वोट बैंक अति पिछड़ी जातियों का है। कुल 114 छोटी-बड़ी जातियों में विभाजित इस वर्ग के पास 36 प्रतिशत वोट है। पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति में यही वोट बैंक सरकार बनाने के हिसाब से नीतीश कुमार को अपराजेय बनाये हुए है। इसी वोट बैंक में सेंध लगाकर लालू प्रसाद अपनी सत्ता में वापसी सुनिश्चित करना चाहते हैं। यही वजह है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद अपने पुराने 'जिन्न' को अपने सियासी पक्ष में फिर से जिंदा करना चाहते हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने अति पिछड़ा वोट बैंक को अपने पक्ष में बनाये रखने के लिए कई प्रयास किये हैं। कल्याणकारी कार्यक्रमों के अलावा अति पिछड़ी जातियों के नेताओं को आगे बढ़ा कर इस समीकरण को नया आयाम दिया जा रहा है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि बिहार का यह अति पिछड़ा वर्ग इस बार किधर का रुख करेगा। क्या है बिहार की अति पिछड़ा राजनीति और इस बार क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

इस साल के अंत, यानी अक्तूबर-नवंबर में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव कई मायनों में निर्णायक साबित हो सकता है। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जब पिछले दो दशकों से राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर छाये रहने वाले मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार की सेहत और छवि में गिरावट आयी है। हालांकि उन्होंने रिटायरमेंट की अटकलों को खारिज करते हुए हाल ही में कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और महिलाओं के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में 35 फीसदी आरक्षण की घोषणा करके अपनी उपस्थिति महसूस कराने की कोशिश की, लेकिन यह धारणा बनी हुई है कि वह कमजोर पड़ रहे हैं। ऐसे में हैरानी नहीं है कि राजनीतिक दल, जिनमें उनकी अपनी पार्टी भी शामिल है, पहले से ही नीतीश के बाद के दौर की तैयारी कर रहे हैं और उसी के अनुसार, चुनावी रणनीति बना रहे हैं। इससे एक दिलचस्प जंग देखने को मिल रही है। यह जंग है अति पिछड़ा वर्ग के वोट को हासिल करने की।

### नीतीश ने बनाया अति पिछड़ा वर्ग

वर्ष 2006 में भाजपा गठबंधन वाली सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश ने 113 उप-जातियों को बाहर निकालकर मंडल ब्लॉक को तोड़ दिया। उन्होंने उन्हें अति पिछड़ा वर्ग बताया और उनके लिए विशेष कल्याणकारी योजनाएं चलायीं। उन्होंने कुछ मुस्लिम समूहों को भी इसमें शामिल किया, जिससे भाजपा के साथ गठबंधन के बावजूद उन्हें अल्पसंख्यकों के एक वर्ग का समर्थन प्राप्त हुआ।

### 36 फीसदी है अति पिछड़ों की आबादी

नीतीश सरकार द्वारा 2023 में करायी गयी जाति गणना के अनुसार बिहार में अति पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी लगभग 36 फीसदी है। इनमें से बड़ी संख्या जदयू के वफादार मतदाताओं की है। इसी वर्ग?के समर्थन ने नीतीश को बिहार में एक मजबूत ताकत बनाया है, क्योंकि इसी वजह से वह जिस भी गठबंधन से जुड़ते थे, उसके पक्ष में चुनाव नतीजों को प्रभावित कर पाते थे। जब तक नीतीश सक्रिय रहे, बिहार इसी स्थिति में रहा। लेकिन अब, जब उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है और सार्वजनिक उपस्थिति कम हो रही है, तो सभी दल इस महत्वपूर्ण अति पिछड़ा वर्ग (इबीसी) के वोट बैंक पर नजर गड़ाये हुए हैं, ताकि उसे हथियाया जा सके।

### हर पार्टी में इबीसी को साधने की होड़

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, बिहार में इबीसी को अपने पाले में करने की यह होड़ और भी तेज होती जा रही है। हर पार्टी इसमें शामिल है। मिसाल के तौर पर भाजपा ने फरवरी में नीतीश को अपनी सरकार में सात नये मंत्रियों के लिए राजी किया। हैरानी नहीं कि इनमें से चार नीतीश के मतदाता वर्ग से हैं, जिससे साफ है कि भाजपा की नजर इस वोट बैंक पर है। यही नहीं, नीतीश की रणनीति से सीख लेते हुए मोदी सरकार ने घोषणा की कि एक मार्च, 2027 से शुरू होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में जातिगत गणना को भी शामिल किया जायेगा, जबकि वह इसका विरोध करती रही है।



उधर, राजद ने अपने इतिहास में पहली बार किसी अति पिछड़े वर्ग (इबीसी) के नेता को अपनी बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। हाल ही में पार्टी ने धानुक जाति के 70 वर्षीय मंगनी राम मंडल को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस भी अति पिछड़े वर्गों को साधने में सक्रिय है। राहुल गांधी इन समुदायों के नेताओं से मिलने के लिए पिछले पांच महीनों में बिहार के चार दौरे कर चुके हैं।

### राष्ट्रीय राजनीति पर पड़ेगा असर

हालांकि, बिहार चुनाव सिर्फ पटना में अगली सरकार बनने के बारे में नहीं है। यह 1990 के दशक से भारतीय राजनीति को आकार देने वाले मंडल बनाम कमंडल (हिंदुत्व) के संघर्ष की अंतिम सीमा का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए इस जनादेश का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ने की संभावना है।

### भाजपा के लिए बड़ा अवसर

नीतीश की स्वास्थ्य समस्याएं भाजपा के लिए उनकी छाया से बाहर निकलने का अवसर है। यही नहीं, उसे उस राज्य में पहली बार अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री बनाने के साथ खुद को स्थापित करने का मौका मिलेगा, जो अब तक उसकी पकड़ से बाहर रहा है। अगर भाजपा बिहार में जीतती है, तो वह हिंदी पट्टी में अपना परचम लहरायेगी और मंडल राजनीति के अंतिम अवशेषों को मिटाने के लिए हिंदुत्व को नयी गति देगी। वह बिहार की जीत का इस्तेमाल एक और ऐसे राज्य में प्रवेश के लिए करेगी, जो अब तक पहुंच से बाहर है, जैसे पड़ोसी पश्चिम बंगाल, जहां 2026 की पहली छमाही में चुनाव होंगे। भाजपा के लिए बिहार में मुख्य चुनौती राजद, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां (भाकपा-माले सहित) से मिलकर बना इंडिया गठबंधन है। नीतीश की सेहत ने मंडल वोट बैंक को फिर से एकजुट करके हिंदुत्ववादी ताकतों को दूर रखने की उम्मीदें जगायी हैं।

### दूसरे नेताओं ने लगा रखी है उम्मीद

जैसे-जैसे नीतीश कुमार की उम्र बढ़ रही है, दूसरी पार्टियां अपनी जगह बनाने की उम्मीद कर रही हैं। हालांकि, मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद होने के बावजूद लोजपा नेता चिराग पासवान ने अपना ध्यान राज्य की राजनीति पर केंद्रित करने का फैसला किया है और हाल ही में घोषणा की है कि वह भी चुनाव लड़ेंगे। लेकिन एक और महत्वपूर्ण बात है चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) की नयी पार्टी जन सुराज का प्रवेश। यह एक छुपी हुई संभावना है, लेकिन किशोर को नीतीश के नेपथ्य में काम करने के अपने अनुभव से ताकत मिलती है, जब 2015 में राजद और जदयू के महागठबंधन ने भाजपा को हराकर शानदार जीत हासिल की थी।

### पीके फैक्टर भी अहम है

प्रशांत किशोर पिछले दो साल से बिहार के कोने-कोने में पैदल यात्रा कर रहे हैं। वह राज्य के हर गांव तक पहुंच चुके होंगे। किसी भी नयी पार्टी को वोट मिलना हमेशा मुश्किल होता है। लेकिन बिहार की राजनीति पर नजर रखनेवालों का मानना है कि बिहार में बदलाव की प्रबल इच्छा है, जो पीके की सभाओं में भारी भीड़ और एक करोड़ से ज्यादा लोगों की सदस्यता से जाहिर हो रही है।

इस राजनीतिक खेल में चुनाव आयोग ने भी मतदान से कुछ महीने पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का फैसला लिया है। इससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी है, क्योंकि चुनाव आयोग आसन्न चुनावों की समय सीमा से पहले इसे कराने की जल्दबाजी में है। 2025 का जनादेश भविष्यवाणी करने के लिहाज से सबसे कठिन चुनावों में से एक साबित हो सकता है।

---

# बिहार में मतदाता पुनरीक्षण में 44 लाख वोटर अपने पते पर नहीं मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में अब भी 43 लाख 92 हजार 864 मतदाता अपने पता पर नहीं मिल रहे हैं। ये राज्य के कुल 7,89,69,844 मतदाताओं का 5.66 प्रतिशत हैं। वहीं, 29.62 लाख मतदाताओं (3.77 प्रतिशत) की जानकारी भी राजनीतिक दलों को दी गयी है, जिन्होंने अब तक अपना गणना फॉर्म भर कर जमा नहीं किया है। गणना फॉर्म जमा करने को लेकर चार दिन शेष रह गये हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि राजनीतिक दल सहित पूरी चुनाव मशीनरी इस बात का प्रयास कर रही है कि कोई भी मतदाता एक अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न हो। आयोग के अनुसार, राज्य में अब तक सात करोड़ 16 लाख तीन हजार 218 मतदाताओं (90.67 प्रतिशत) के गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के क्रम में 11,484 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिल पा रही है।



इधर बिहार में चुनाव आयोग के निर्देश पर जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े 11 दस्तावेजों की उपलब्धता को लेकर जानकारी जुटायी जा रही है। इसके लिए संबंधित विभागों एवं कार्यालयों से उनकी ओर से बिहार में जारी दस्तावेजों की संख्या को लेकर रिपोर्ट देने को कहा गया है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पहले निर्धारित 11 दस्तावेजों के आधार पर ही मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है। विपक्षी दलों की ओर से बार-बार इन 11 दस्तावेजों की अनिवार्यता को लेकर निशाना साधे जाने और सब के पास इनके उपलब्ध नहीं होने तथा आधार नंबर या पैन कार्ड आदि को भी इसमें शामिल करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे में आयोग ने दस्तावेजों की जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) ने निर्धारित 11 दस्तावेजों के जारी किये जाने से को लेकर रिपोर्ट संबंधित विभागों एवं कार्यालयों से मांगी है। इनमें केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यालय और विभाग दोनों शामिल हैं। आयोग की तैयारी अगले एक माह में दावा-आपत्ति के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तय समय पर करना है।

---

# नीमडीह में 1.5 किलो के 12 केन बम बरामद

## बम निरोधक दस्ते ने किया नष्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला-खरसावां।** पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां को 22 जुलाई को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा दलभंगा ओपी अंतर्गत नीमडीह गांव के समीप पहाड़ी क्षेत्र में गोला-बारूद छुपाकर रखा गया है। इन विस्फोटकों को सुरक्षा बलों के विरुद्ध उनके अभियान को रोकने और उन्हें लक्षित कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ वर्ष पूर्व छिपाया गया था। सूचना के आलोक में सरायकेला-खरसावां पुलिस, झारखंड जगुआर और एसएसबी-26 बटालियन की संयुक्त टीम द्वारा एक सघन सर्च अभियान चलाया गया। यह अभियान 22 जुलाई को दलभंगा ओपी अंतर्गत नीमडीह गांव क्षेत्र के आस-पास जंगली और पहाड़ी इलाकों में प्रारंभ किया गया। अग्रतर सर्च अभियान के दौरान दलभंगा ओपी क्षेत्र के अंतर्गत नीमडीह गांव के समीप स्थित पहाड़ी इलाके से नक्सलियों द्वारा पूर्व में डंप किये गये 1.5 किलो केन आइइडी के 12 पीस बरामद किये गये। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरामद आइइडी को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ते की सहायता से सुरक्षित रूप से विनिष्ट किया गया। इस संबंध में विधि-सम्मत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

---

# बिहार में विपक्ष का हंगामा, दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित, छह विधेयक पास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत जबरदस्त हंगामे से हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के नेताओं ने सदन के बाहर जबरदस्त तरीके से अपनी आवाज उठायी। राजद और कांग्रेस के कई विधायक विधानसभा के मुख्य द्वार पर बैठ गये। इन नेताओं के गेट पर बैठ जाने की वजह से विधायकों को अंदर जाने में परेशानी होने लगी। यहां तक कि गेट पर बैठ कर प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को भी विधानसभा में जाने से रोकने का प्रयास किया। हालांकि, मार्शल ने हाथ पकड़ कर प्रदर्शनकारी विधायकों को उठा दिया। विपक्षी विधायक लगातार मतदाता सूची पुनरीक्षण और राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर हंगामा कर रहे थे। इसके बाद सदन की कार्यवाही भी काफी हंगामेदार रही। सदन के अंदर कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के सदस्य हाथ में पोस्टर लेकर हंगामा करने लगे। यहां तक कि विपक्ष के विधायक वेल में चले आये। कई विधायक वोटर लिस्ट रिवीजन और कानून-व्यवस्था पर अपना विरोध जताने के लिए काले लिबास में भी सदन में पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद महज कुछ ही देर चल सकी। विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी विधायकों से हंगामा ना करने का बार-बार आग्रह किया, लेकिन विपक्ष के विधायक लगातार नारेबाजी करते रहे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच विधानसभा में छह विधेयक पारित हुए। विधानसभा की कार्यवाही 30 मिनट चली। इससे पहले हंगामे के दौरान विधायकों और मार्शल के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। विधायकों ने वेल में रखे टेबल को भी उठाने की कोशिश की।

उधर विधान परिषद की द्वितीय पाली शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सभापति से कार्य स्थगन प्रस्ताव मंजूर कर इस पर चर्चा करने की मांग की। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि इस पर चर्चा कराना असंवैधानिक है। आप लोग क्या चाहते हैं, मैं यह असंवैधानिक कार्य की अनुमति दूं? विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही बुधवार 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।



### विशेष पुनरीक्षण के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी: तेजस्वी यादव

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण का कार्य बंद नहीं हुआ, तो बिहार के लाखों लोग वोट डालने से वंचित हो जायेंगे। यह एक बहुत ही गंभीर विषय है। बिहार लोकतंत्र की जननी है और यहीं पर इसे खत्म भी किया जा रहा है। हम लोग इस मुद्दे पर चुप बैठने वाले नहीं हैं। पुनरीक्षण के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.15 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# जाट के बेटे और किसान नेता को भाजपा ने धक्का दे दिया : सुप्रियो

**झामुमो ने जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि धनखड़ को विपक्ष के प्रति उनके रुख और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मुद्दों को सदन में प्रमुखता न मिलने से हुई नाराजगी के चलते पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि जाट का बेटा और किसान नेता को भाजपा ने धक्का दे दिया है।



सुप्रियो ने कहा कि यह भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार है जब किसी उपराष्ट्रपति को कार्यकाल के बीच में इस्तीफा देना पड़ा है। संसद सत्र की कार्यवाही का विश्लेषण करने पर यह साफ होता है कि धनखड़ विपक्ष की आवाज को मंच देना चाहते थे, लेकिन सरकार के दबाव में उन्हें पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सेना के शौर्य से जुड़ी घटनाओं को कार्यसूची से हटाया जाना उपराष्ट्रपति की नाराजगी का एक बड़ा कारण रहा। इसके अलावा, पोर्ट के निजीकरण को लेकर सदन में चर्चा की बात पहले तय थी, लेकिन बाद में उसे भी हटा दिया गया और वह भी उस कंपनी के पक्ष में, जिसे लेकर कई बार सवाल उठे हैं। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि राज्यसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में न तो संसदीय कार्यमंत्री शामिल हुए, न ही सदन के नेता जेपी नड्डा। ऐसे में संसदीय परंपरा को नजरअंदाज किया गया। नड्डा की ओर से खुलेआम यह कहना कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की बातों को रिकॉर्ड में नहीं लिया जायेगा, यह दिखाता है कि उपराष्ट्रपति की भूमिका को सीमित करने की कोशिश हो रही थी।

## दुमका में बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# पुल-पुलिया और सड़क नहीं होने से जनता परेशान: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका परिसदन में मीडिया में बातचीत के दौरान राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले एक माह में हुई लगातार बारिश से एक ओर जहां किसानों में खुशी है, वहीं दूसरी ओर बारिश ने सरकार की व्यवस्था की कलई खोल दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में काफी संख्या में पुल-पुलिया और सड़क पानी में बह गये। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं।




नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता की समस्याओं से झारखंड सरकार को कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें तो बस रुपये कमाने की चिंता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस सरकार को यह सलाह देना चाहता हूं कि इस बारिश में जो पुल-पुलिया और सड़क पानी में बह गये उसकी जल्द से जल्द मरम्मत करायी जाये, ताकि अगले साल जब वर्षा ऋतु आये तो जनता को फिर से परेशान न होना पड़े।

**इरफान के पुत्र मामले में दी प्रतिक्रिया :** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र द्वारा अस्पताल का निरीक्षण करते हुए रील बनाने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद तीनों की राजनीति परिवार और पैसे के लिए है। ऐसे में इरफान के पुत्र ने अगर अस्पताल में जाकर रील बनाया है तो कोई हैरत की बात नहीं है।

**राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त:** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। सरकार हर मोर्चे पर फेल है। जनता से सरकार को कोई लेना-देना नहीं है। दिन-दहाड़े दिल दहलाने वाली घटनाएं हो रही हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है, पर सरकार के लोग बस अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव पर बाबूलाल मरांडी ने दावा करते हुए कहा कि बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। वहीं मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष द्वारा सवाल उठाये जाने पर बाबूलाल ने कहा कि विपक्षी पार्टियों के द्वारा विरोध करना इस बात को दर्शाता है कि काफी गड़बड़ी है। वे नहीं चाहते हैं कि यह सब सामने आये।

# राज्य सरकार में अब नाम परिवर्तन घोटाला अविलंब हो सीबीआइ जांच: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला करते कहा कि इस सरकार के घोटाले की श्रृंखला में अब नाम परिवर्तन घोटाला भी शामिल हो गया है। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य बनने के बाद अनेक वर्षों तक नाम परिवर्तन संबंधित गजट नोटिफिकेशन मैन्युअल होता था। इसका रजिस्टर मेंटेन होता था। अब राज्य सरकार के समय वह सारे रजिस्टर ही गायब हो गये हैं। नाम परिवर्तन संबंधी कोई भी दस्तावेज मिल नहीं रहा है। इस अवधि में कितने नाम परिवर्तन हुए, किसके नाम परिवर्तन हुए उसका कोई उत्तर नहीं है। हालिया वर्षों में इस प्रक्रिया के ऑनलाइन होने के बाद भी रिकॉर्ड ठीक से मेंटेन नहीं होते हैं। ऊपर से बड़ी वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है।



प्रतुल ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि कहीं यह पूरा मुद्दा धर्मांतरण की संख्या को छिपाने से संबंधित तो नहीं है? झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लिप्त शक्तियां सक्रिय हैं। चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान शुरू किया है। झारखंड सहित पूरे देश में भी यह शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। नाम परिवर्तन का रजिस्टर भी लोगों की पहचान का एक आधार हो सकता था। इसलिए यह बड़ी आशंका है कि सिर्फ बड़े पैमाने पर हुए धर्मांतरण के वास्तविक आंकड़ों को छिपाने के लिए यह सारे दस्तावेज गायब कर दिये गये हैं। यह दस्तावेज के गायब होने के कारण संबंधित व्यक्ति आधार कार्ड में बदलाव कर अपनी उम्र, धर्म, जाति को भी बदल सकता है।

### सरकार की ओर से एफआइआर नहीं करना पूरे मुद्दे को बना रहा संदेहास्पद

प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने एफआइआर दर्ज नहीं करके इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। सिर्फ राजकीय प्रेस के संजीव कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है। जब सरकारी दस्तावेज गायब होते हैं तो प्राथमिकी दर्ज होती है और संबंधित अधिकारी पर भी कड़ी कार्रवाई होती है। लेकिन यहां सिर्फ मामले को रफा-दफा करने की साजिश चल रही है। प्रतुल ने मांग की है कि इस पूरे घटना की सीबीआइ जांच हो क्योंकि आशंका है कि जांच के बाद कई और चौंकाने वाले रहस्य सामने आ सकते हैं।

# भाजपा राजनीतिक दिवालियेपन की शिकार हो गयी है : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के 'नाम परिवर्तन घोटाले' वाले आरोपों को पूरी तरह निराधार और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश बताया है। पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि राज्य सरकार हर विभाग में पारदर्शिता के लिए तकनीकी उन्नति कर रही है। सरकार गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहने दे रही है। कहीं इस वजह से ही भाजपा के व्यापारी नेताओं में बेचैनी तो नहीं बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कहना कि रजिस्टर गायब कर दिये गये हैं, पूरी तरह भ्रामक है। पांडेय ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह झारखंड में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए हर मुद्दे को धर्मांतरण से जोड़ रही है। यह वही भाजपा है जिसने अपने शासनकाल में कई विभागों में घोटाले होने पर भी किसी प्रकार की सीबीआइ जांच की अनुशंसा नहीं की थी। अब जब राज्य में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है तो भाजपा को यह रास नहीं आ रहा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने राजकीय प्रेस के अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मांगी है और यदि कोई लापरवाही पायी गयी तो कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन भाजपा का हर मुद्दे पर सीबीआइ जांच की मांग करना सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का प्रयास मात्र है। भाजपा को झारखंड की जनता ने नकारा है और वे बौखलाहट में इस तरह के झूठे आरोप लगा रही है। हेमंत सरकार जनता को जवाबदेह है और किसी के भी दबाव में नहीं आयेगी।




## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा। जॉब में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — स्वजन-कुटुम्बीजन से मनमाफिक व्यवहार मिल सकता है, सुख-सौहार्द की वृद्धि।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।
- **मीन** — आपके धैर्य,गम्भीरता एवं सहनशीलता की परीक्षा कदम-कदम पर होगी।

# उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा नहीं दिया, दिलवाया गया : राजद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश राजद ने कहा है कि आजाद भारत में पहली बार उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया है जो अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय है।



पार्टी के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार के शासनकाल में भाजपा के नेता खुलेआम देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था का अपमान कर रहे हैं। इसे विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका और पत्रकारिता की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा नहीं दिया बल्कि उनसे इस्तीफा दिलवाया गया है। उप-राष्ट्रपति पहले से दिन भर इत्मीनान नजर आये और राज्यसभा के चेयर से सदन को चलाते नजर आये। लेकिन शाम होते ही ऐसी क्या बात हो गयी कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया। इससे पूरा देश स्तब्ध है।

# भाजपा फैला रही है नाम परिवर्तन के नाम पर सियासी विद्वेष : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की ओर से लगाये गये नाम परिवर्तन घोटाले के आरोपों पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा है कि यह पूरी तरह से भाजपा का सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है, जो सिर्फ अफवाह फैलाकर राज्य सरकार को बदनाम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह एक और भाजपा-प्रायोजित मैन्युफैक्चर्ड स्कैंडल है, जिसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है।



दुबे ने कहा कि भाजपा को जब भी अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती दिखती है, वे धर्मांतरण, सीबीआइ जांच और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों का दुरुपयोग कर जनता को गुमराह करने लगती है। अब नाम परिवर्तन के सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया को धार्मिक षड्यंत्र बताना भाजपा के विद्वेष को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को सीबीआइ, इडी और आइटी के अलावा कोई दूसरा रास्ता दिखता ही नहीं। सत्ता में नहीं रहने के बाद ये संस्थाएं ही उनके सियासी हथियार बन गयी हैं। लेकिन झारखंड की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा का असली एजेंडा सिर्फ भ्रम और भय फैलाकर सत्ता पाना है। उन्होंने कहा कि जिस नाम परिवर्तन के गजट रिकॉर्ड की बात भाजपा कर रही है, वह पूरी तरह एक प्रशासनिक मामला है। कुछ दस्तावेजों का गायब होना जांच का विषय हो सकता है, लेकिन उसे धर्मांतरण से जोड़ना और आधार, जाति, उम्र बदलने का हवाला देना घोर गैरजिम्मेदार सोच का प्रतिबिंब है।

# अपराधियों ने जेवर दुकानदार के घर से सात लाख के जेवर लूटे

**दुमका (आजाद सिपाही)।** जिला के हंसडीहा शीतला मंदिर रोड में सोमवार रात हथियार से लैश अपराधियों ने एक ज्वेलर्स दुकान के मालिक के घर में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घटना करीब एक बजे रात की बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। ज्वेलर्स मालिक संजीत कुमार ने बताया कि करीब सात लाख रुपये के आभूषण और नगदी की लूट हुई है। अपराधियों ने घर में घुसते ही घर के सभी सदस्यों को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वह सभी पैदल ही गोड्डा रोड की ओर भाग निकले। ज्वेलर्स मलिक के अनुसार अपराधियों की संख्या करीब 9 बतायी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी अपराधी मास्क पहने हुए थे। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने ज्वेलर्स दुकान के मालिक के साथ मारपीट भी की। उल्लेखनीय है कि ज्वेलर्स व्यवसायी की दुकान हंसडीहा स्थित हटिया गली में संतोषी ज्वेलर्स के नाम से स्थित है। दुकान की छत खपरैल के रहने की वजह से वह हर रोज दुकानदारी करने के बाद सभी जेवरात को रात में अपने घर ले जाकर रखा करते थे। अपराधियों को इसकी भनक लग गयी होगी। उसके बाद अपराधियों ने प्लान बनाकर घटना को अंजाम दिया।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का सीएम हेमंत सोरेन को पत्र

# प्रकृति के लिए बड़ा खतरा बनी सिंगल यूज प्लास्टिक

**पर्यटन और धार्मिक स्थलों, जलाशयों पर इसके उपयोग पर रोक लगायें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और प्राकृतिक आवरण पर पड़ रहे इसे विपरीत प्रभाव को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जतायी है। पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और जलाशयों के आसपास इसके उपयोग पर रोक लगाने को लेकर उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।



अपने पत्र में श्री सेठ ने कहा है कि प्राकृतिक आवरण और सौंदर्य से भरपूर झारखंड में कई पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। झारखंड चूंकि जंगल और प्रकृति के सौंदर्य उपहारों से भरा-पूरा है, ऐसे में इसका संरक्षण भी हम सबकी जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों पर फेंकी जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलें और प्लास्टिक बड़ा खतरा बन रहे हैं। सिर्फ मानवीय जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी और जलीय जंतुओं के लिए जलाशयों में प्लास्टिक फेंका जाना, पर्यावरण के साथ-साथ जैव जगत के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बड़े जलप्रपात, नदियां, तालाब, बड़े जलाशय में आज भी प्लास्टिक के कचरों का ढेर दिखता है जो हमें आने वाले भविष्य के खतरों से आगाह कर रहा है। कई समाचार माध्यमों में यह समाचार आ रहे हैं कि रांची सहित पूरे झारखंड के जलाशय और प्राकृतिक आवरण विदेशी पक्षियों व जंतुओं के भी आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। ऐसे में हमारी चिंता और जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। संजय सेठ ने पत्र में कहा है कि हम झारखंड के लोग प्रकृति से अगाध प्रेम करते हैं। इसलिए प्रकृति का संरक्षण हम सबके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। झारखंड के पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और ऐसे सिंगल यूज प्लास्टिक से बच सकें, इस दिशा में सरकार को कठोर कदम उठाये जाने की आवश्यकता है; ताकि हम आने वाली पीढियां को बेहतर प्राकृतिक आवरण दे सकें।

दुनिया भर में बढ़ता प्लास्टिक के कचरे से हमारे पर्यटन स्थल अछूते नहीं है। उन्होंने सीएम को सुझाव देते हुए कहा है कि अपने सुखद और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान में ऐसे सभी पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशयों के आसपास सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाये और इसका अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाये।

इस मामले में हम सामाजिक कार्यकर्ताओं, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एक बेहतर कार्य योजना तैयार कर सकते हैं। श्री सेठ ने कहा कि अधिक से अधिक आम जनता को, पर्यटकों को, धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक भी कर सकते हैं।

उन्होंने अनुरोध किया है कि इस दिशा में राज्य सरकार त्वरित और सकारात्मक कदम उठायें ताकि हमारे पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय प्लास्टिक के खतरे से सुरक्षित रह सकें।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए अलर्ट

# 25 जुलाई से बैलेंस नहीं तो कटेगी बिजली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची और धनबाद के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आयी है। यदि आपके प्रीपेड स्मार्ट मीटर में निर्धारित न्यूनतम बैलेंस नहीं होगा, तो 25 जुलाई 2025 से आपकी बिजली आपूर्ति स्वतः बंद कर दी जायेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) द्वारा ऑटोमेटिक लाइन डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसके तहत स्मार्ट मीटर बैलेंस खत्म होते ही बिजली कनेक्शन स्वतः कट जायेगा। जेबीवीएनएल ने रांची और धनबाद शहरों के सभी प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और स्वचालित होगी। उपभोक्ताओं को सलाह दी गयी है कि वे अपने स्मार्ट मीटर वॉलेट में समय पर रिचार्ज कर पॉजिटिव बैलेंस बनाये रखें, ताकि बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो।

झारखंड में फिलहाल लगभग 48 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से करीब 7 लाख के परिसरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। वर्तमान में 10,000 रुपये या उससे अधिक की राशि बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति पहले से ही स्वतः बंद की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत कोई तकनीशियन नहीं आता, बल्कि मीटर को ऑनलाइन माध्यम से डिस्कनेक्ट कर दिया जाता है। रांची सर्किल में अब तक लगभग 8,000 उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटरों को डिस्कनेक्ट किया जा चुका है। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे समय पर अपने मीटर में रिचार्ज कर बिजली कटौती से बचें और निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ उठाते रहें।

## सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात दी है। उन्होंने डेमोटांड में 'सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट' की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इस कार्य को सफल बनाने के लिए 22 जुलाई को इस इंस्टीट्यूट का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न किया गया। इस सुअवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस संस्थान की बिल्डिंग अगले 6 से 9 महीनों में बनकर तैयार हो जायेगी। साथ ही यहां मेडिकल उपकरण भी स्थापित कर दिये जायेंगे। जयंत सिन्हा द्वारा स्थापित किया जा रहा सिन्हा हेल्थ इंस्टीट्यूट एक गैर-लाभकारी संस्थान है, जिसका लक्ष्य झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है। झारखंड जयंत सिन्हा की जन्मभूमि के साथ कर्मभूमि भी है। इसलिए वे सदैव ही सेवा भाव से राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए कार्यरत रहते हैं। उनके द्वारा स्थापित किया जा रहा यह संस्थान प्रतिबद्धता, करुणा, समानता और सेवा के मूल्यों से प्रेरित होकर जनता के कल्याण के लिए कार्य करेगा। डेमोटांड में स्थापित किये जा रहे इस संस्थान में जनता को एमआरआइ, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे, सिटी स्कैन, ओपीडी और मेडिकल शॉप जैसी विभिन्न उच्चस्तरीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा।

## शिविर में दात की निःशुल्क जांच की गयी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के बाल दंत चिकित्सकों के द्वारा कोर्रा स्थित शिक्षा निकेतन हाई स्कूल में मंगलवार को निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन हुआ। विद्यालय के बच्चे, शिक्षकगण और कर्मचारीगण सहित कई जरूरतमंद मरीजों ने निःशुल्क दंत जांच शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 250 से अधिक स्कूली बच्चे और अन्य जरूरतमंदों ने शिविर में जांच और उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति आदतें विकसित करना और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया। शिविर के आयोजन में विद्यालय प्रबंधन ने विधि- व्यवस्था और सहयोग में अपना सराहनीय योगदान दिया। साथ ही हजारीबाग डेंटल कॉलेज द्वारा लगाये गये निःशुल्क दंत जांच शिविर की प्रशंसा कर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञ व्यक्त किया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं। यदि हम उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य की ओर जागरूक करें, तो हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत की नींव रख सकते हैं। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के डॉ सौर्य गुप्ता, पीजी की छात्रा डॉ अनय शैलानी उरांव, डॉ मंशी महाराज, अंतिम वर्ष की छात्रा साक्षी मिश्रा, रक्षंदा औकाब, प्रियांशी प्रीत, साफिया प्रवीण, फुलकेरिया पुरती और अभिषेक कुमार ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

## माहुरी नवयुवक संघ की कांवर टीम रवाना



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत कटिया परसाबाद बाजार माहुरी नवयुवक संघ के साथ-साथ अन्य कांवरियों के साथ सुल्तानगंज बाबा धाम देवघर जाने के लिए सर्वप्रथम माहुरी देवी मंडा परसाबाद, शिव पार्वती मंदिर और हनुमान मंदिर परसाबाद बाजार दुर्गा मंडप में पूजा अर्चना कर हर हर महादेव, जय जय श्री राम, जय माता दी, बाबा नगरिया दूर है जाना जरूर है। जयकारे लगाते हुए बाबा धाम के लिए रवाना हुए। रवाना होने वाले में रवि भदानी, पीयूष भदानी, अश्विनी सेठ, सौरभ सेठ, आदर्श राम, आकाश गुप्ता, संतोष वर्णवाल, संगम भदानी, राहुल भदानी, निशु भदानी, शोभित भदानी, रोशन भदानी, उज्जवल गुप्ता, पिंटू भदानी, सनी सोनी, सान्याल गुप्ता, अंकित गुप्ता, सत्यमेव भदानी, आदर्श राम, राजन शर्मा, दीपक शर्मा, सुजल भदानी नवयुवक संघ की टोली बाबा धाम के लिए रवाना।

## जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को नौ महीने से नहीं मिला कमीशन

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली से जुड़े डीलर इन दिनों भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। बीते नौ माह से कमीशन की राशि नहीं मिलने के कारण डीलर खाद्यान्न वितरण का सारा खर्च परिवहन, मजदूरी व भाड़ा अपनी जेब से वहन कर रहे हैं। इससे उनके सामने भरण - पोषण और खेती - बारी तक का संकट खड़ा हो गया है। प्रखंड के 20 पंचायतों में 84 पीडीएस दुकान संचालित है। इन दुकानों से हर महीने करीब 26 हजार से अधिक राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। डीलरों का कहना है कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा प्रति क्विंटल खाद्यान्न पर निश्चित दर से कमीशन दिया जाता है, जिससे दुकान संचालन, परिवहन, मजदूरी आदि खर्च के साथ - साथ वे अपने परिवार का पालन - पोषण भी करते हैं। लेकिन पिछले नौ महीने से कमीशन की राशि नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक रूप से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ डीलरों ने कर्ज लेकर राशन उठाव व वितरण जारी रखा है, लेकिन यह स्थिति अब ज्यादा दिन नहीं चल सकती। अगर समय पर कमीशन की राशि नहीं मिली तो वितरण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कमीशन भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। बहुत ही जल्द भुगतान हो जायेगा। वहीं डीलरों ने राज्य सरकार से मांग की है कि लंबित कमीशन राशि का अविलंब भुगतान किया जाये, ताकि वे इस संकट से उबर सकें और जनवितरण प्रणाली को बिना बाधा के सुचारू रूप से चला सकें।

## प्रखंड स्तरीय हितधारकों की हुई बैठक

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रशासन व सपोर्ट संस्था के सौजन्य से कॉमन ग्राउंड के प्रखंड स्तरीय हितधारकों की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने की संचालन जिला प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने किया। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ श्रवण कुमार झा, उपप्रमुख सूरजी देवी, सीडीपीओ नीलू रानी, जिला प्रबंधक विनोद कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने कॉमन ग्राउंड के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को सही दिशा प्रदान करने के लिए सभी हित धारकों के बीच से एक कोर ग्रुप का गठन किया जाएगा जो सबों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। बैठक में मुखिया रिंकी देवी, कलावती देवी, कमलेश कुमार, सरयू प्रसाद, छोटन कोल, पंसस कालो खातून, युसूफ अंसारी, प्रभारी प्रधान सहायक फनी भूषण प्रसाद, सपोर्ट संस्था के एचआर मैनेजर अंजली कुमारी, अन्नी कुमारी, प्रखंड संयोजक मनोज टुडू, गोदावरी देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बरही में डायन-बिसाही के खिलाफ जागरूकता अभियान

# बीडीओ और सीओ ने लोगों से अंधविश्वास खत्म करने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** डायन बिसाही और अंधविश्वास को रोकथाम के लिए बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो और अंचलाधिकारी अमित किस्कू द्वारा बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस गांव में बीते दिनों डायन बिसाही के आरोप में एक महिला का मुंडन करवा दिया गया था। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने ग्रामीणों को अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नसीहत दी। साथ ही इस दौरान उन्होंने डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अपराध और दंड से संबंधित प्रावधानों को लोगों के बीच प्रचार - प्रसार किया। मौके पर उन्होंने कहा कि डायन कह कर किसी को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है, डायन प्रथा समाज की कुप्रथा है। अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने कहा कि ऐसी कुरीतियों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। इसमें सजा का भी प्रावधान है, ऐसी कुरीतियां न केवल महिलाओं बल्कि समाज को भी नकारात्मक विचार धारा से ग्रसित करती है। इन कुरीतियों से महिलाओं को प्रताड़ित करना अपराध है। इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी शिक्षा की ओर अग्रसर हो, अपने बच्चों को शिक्षित करे ताकि इस तरह की घटना हमारे क्षेत्र और समाज में ना हो। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से आग्रह किया कि इस प्रकार की किसी भी घटना की जानकारी होने पर थाना को इसकी जानकारी देकर जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाएं। मौके पर खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप समेत दर्जनों अन्य महिला और पुरुष मौजूद थे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

# झंडोतोलन के समय और प्रक्रिया पर चर्चा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिले में व्यापक तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य समारोह स्थल बागीटाड़ स्टेडियम, कोडरमा में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान समाहरणालय, मुख्य समारोह स्थल, और अन्य कार्यालयों में झंडोतोलन के समय और प्रक्रिया पर चर्चा की गयी। मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन और साज-सज्जा के लिए कार्यपालक अभियंता, विशेष प्रमंडल को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिले के सभी प्रखंडों में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई और माल्यार्पण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। वहीं, जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम स्थल के मैदान का समतलीकरण और डस्ट बिछाने का निर्देश दिया गया। परेड में जिला बल के तीन प्लाटून, सीआरपीएफ, होमगार्ड, और वनरक्षी बल की टुकड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल, शौचालय और मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। नगर परिषद झुमरीतिलैया और नगर पंचायत कोडरमा को सभी कार्यक्रम स्थलों और आस-पास के क्षेत्रों की सफाई, चौक-चौराहों की सजावट, रंग-रोगन और विद्युतीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेंदु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी समेत अन्य वरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## प्रमुख पति ने पंचायत सेवक के खिलाफ थाना में दिया आवेदन

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रमुख ललिता देवी के पति के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया। आवेदन के अनुसार प्रमुख पति ने पंचायत सेवक प्रसादी प्र. यादव से बाबा भीमराव अंबेडकर मूर्ति की स्थापना और कायाकल्प के लिए सहयोग राशि का मांग किया गया था तो पंचायत सेवक प्रसादी प्र. यादव के द्वारा रुपये 500/- का सहयोग राशि दिया जा रहा था तो प्रमुख पति रामावतार चौधरी के द्वारा बोला गया की आप खुद ही देख रहे हैं की बाबा भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थापना के बाद भवन ढलाई का कार्य किया गया है, और उसको देखते हुए कम से कम 1100/- का सहयोग कर दीजिये उसपर बगल में ही बैठे हुए पंचायत सेवक बालेश्वर प्र. यादव बिना कोई कारण प्रमुख पति को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दिया गया। कहा कि औकात में रहो नहीं तो तुम्हे उठाकर ले जायेंगे और जान से मारकर फेक देंगे। इधर बालेश्वर यादव पिता शिबू महतो और प्रसादी यादव के द्वारा आवेदन में कहा गया कि बैठक के बाद प्रमुख पति रामौतार चौधरी के द्वारा रंगदारी के रूप में 11000 रुपये मांग किया गया जिसे नहीं देने पर अनुसूचित जाति केस करने की धमकी दी गयी।

# हजारीबाग में वज्रपात से महिला की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मानसून के इस मौसम में आकाशीय बिजली का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत कुसुंभा में एक दुखद घटना सामने आयी। जहां धनरोपनी कर रही एक लगभग 35 वर्षीय महिला सुनीता देवी की वज्रपात से मौत हो गयी। मृतका की पहचान हजारीबाग सदर प्रखंड के ग्राम मंडई निवासी भोला यादव की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। वह अपने मायके कुसुंभा आई हुई थीं और अपने भाई और बड़ी भाभी के साथ पांडेय पगार के पास खेत में धान रोप रही थीं। अचानक शाम को कुदरत का कहर बरसा और बिजली गिरने से उनकी तत्काल मृत्यु हो गयी। गनीमत रही कि उनकी भाभी, जो उनके साथ ही धान रोप रही थीं वह पूरी तरह सुरक्षित बतायी जा रही हैं। घटना के बाद मृतका के भाई और भाभी ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें उठाकर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गोद भराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** सिमरिया पंचायत के ग्राम डुमरडीहा के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 4 में गर्भवती महिला कैलासी देवी का गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिला कैलासी देवी को पुष्प माला से स्वागत किया गया और पोषणयुक्त आहार फल, सूखा राशन और जरूरी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। डुमरडीहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या चार की सेविका मीना देवी संजोजिका सोनी देवी पोषण सखी प्रिया रानी ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए समय पर टीकाकरण समय पर जांच और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। इस मौके पर प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, ममता कुमारी, पिंकी कुमारी, कुसुम देवी, कौशल्या देवी ,सुनीता देवी समेत कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

# केरेडारी बीडीओ और सीओ ने शराब दुकान का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** जिले के उपयुक्त के निर्देश पर केरडारी में संचालित एकमात्र शराब दुकान का औचक निरीक्षण मंगलवार को करेडारी बीडीओ विवेक कुमार और रामरतन बरनवाल ने किया। आये दिन निर्धारित मूल्य से अधिक राशि पर शराब के बिक्री की शिकायत मिलने पर झारखंड उत्पाद विभाग के माध्यम से संचालित खुदरा शराब दुकान का किया। निरीक्षण के दौरान शराब की बिक्री और स्टॉक की भी जानकारी ली गयी साथ हीं निर्धारित मूल्य पर शराब बेचने के निर्देश का सख्ती से अनुपालन करने को कहा गया। खुदरा शराब बिक्री में अधिक मूल्य पर शराब बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर सुसंगत प्रावधनों के तहत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी है।

## सहकार भारती के जिला अध्यक्ष बने अनूप भाई, लोगों ने दी बधाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सहकार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का एक आनुसांगिक संगठन सहकार भारती है। जिसका सहकार भारती झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र पाठक के आदेश पर प्रदेश महमंत्री धनंजय कुमार सिंह के द्वारा अनूप भाई को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिसका विधिवत प्रदेश के महामंत्री ने घोषणा किया। जिला अध्यक्ष के साथ जिला मंत्री अरविंद कुमार सिंह को और जिला कोषाध्यक्ष आशीष कुमार को बनाया गया। घोषणा के बाद अनूप भाई को लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुकेश कुमार सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, अजीत सिंह चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, नीरज कुमार वर्मा, मोनू सिंह, आशीष वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, सोनी कुशवाहा, शिवानी कुमारी, मनोज यादव, दिलीप यादव, हर्ष वर्मा, बृजेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, गणेश मेहता, अखिलेश कुमार दास, राजकुमार कुशवाहा, प्रदीप मेहता आदि शामिल हैं।

## खेती करने मुंबई से घर आया था, सर्पदंश से मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बड़ा डहरभंगा गांव में सोमवार की मध्य रात्रि में 48 वर्षीय लखन यादव पिता स्व दशरथ यादव की सर्पदंश से मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल हजारीबाग में उन्होंने अंतिम सांस ली। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार, लखन यादव सोमवार देर शाम फूफेरे भाई मंडपा निवासी वार्ड सदस्य लोकनाथ गोप का आत्मिक संस्कार कर मंगरपुड़ा निवासी फूफा रामेश्वर यादव के साथ घर लौटे थे। कमरे में उनके फूफा पलंग पर सोए हुए थे और वह जमीन पर बिस्तर डालकर सो गये। उसी दौरान करैत प्रजाति के जहरीले सांप ने उन्हें गर्दन के पास डंस लिया। जब उन्हें शरीर में असहजता महसूस हुई, तो उन्होंने परिजनों को जगाकर बताया। परिजनों ने कमरे में रखे बक्से को हटाया तो वहां सांप देखा। परिजन लखन यादव को लेकर सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें इंजेक्शन लगाये। लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और कुछ देर में मृत घोषित कर दिया। लखन यादव मुंबई में टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। गत 17 जून को वह धान की खेती करने के लिए घर लौटे थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटा और एक बेटी है। घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आजाद जागृति छात्र संघ ने चलाया सफाई अभियान




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुदी पहाड़ स्थित प्रसिद्ध बाबा बुढ़वा महादेव के मंदिर में आयोजित एक माह का भव्य श्रावणी मेले में बीते दूसरे सोमवारी के बाद मंगलवार 22 जुलाई को आजाद जागृति छात्र संघ ने अपनी टीम के साथ श्रमदान केकर बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया, इससे पूर्व बीते प्रथम सोमवारी के बाद एजेपीएस की टीम ने सफाई अभियान चलाये थे। सफाई अभियान के दौरान एजेपीएस के कार्यकर्ताओं को सुखे और गिले कचरे को सफाई करने में काफी समस्या हुई। सुखा और गिला कचरा की व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर में कूड़ादान की व्यवस्था का बड़ा अभाव देखा गया, जिसमें एजेपीएस के सदस्यों ने स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित मंदिर प्रबंधन समिति से अपील किया की मंदिर परिसर की स्वच्छता और सुंदरता के साथ-साथ लोगों की व्यवस्था के लिए जल्द से सुखा और गिला कूड़ा कचरा के लिए कूड़ेदान की व्यवस्था किया जाये, और सभी शिव भक्तों से भी अपील किया गया की मंदिर के साथ-साथ आसपास साफ सफाई और स्वच्छता का ख्याल रखें। सफाई अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से एजेपीएस के अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव विनोद प्रसाद, उपाध्यक्ष श्रवण सोनी, कोषाध्यक्ष पुरुषोतम कुमार, उपसचिव शिबू सोनी, गंगाधर प्रसाद, भुगेश्वर प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजय राणा, कुंज बिहारी कुमार, जितेंद्र कुमार, नंदलाल प्रसाद, उपेंद्र यादव, नितिन राज, संजीवन कुमार, अर्जुन कुमार, दिवाकर कुमार, पवन कुमार, मिथिलेश सोनी, अनिलेश कुमार, सेवक कुमार, उद्धेश्वर प्रसाद, रिझेश्वर प्रसाद, गंगाधर प्रसाद, अनुज कुमार यदि लोगों ने भाग लिया।

## नेट परीक्षा में मनीषा रंजन को मिली सफलता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सांढ गांव निवासी एसडीओ आशीष रंजन की पत्नी मनीषा रंजन ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तहत नेट परीक्षा 2025 में सफलता हासिल की है। इन्हें मुख्य विषय श्रम कल्याण और मानव संसाधन प्रबंधन विषय में सफलता मिली है। इन्होंने 2020 में एमबीए बीआइटी मिश्रा रांची से फाइनेंस और मानव संसाधन प्रबंधन में 80 .2 प्रतिशत, वर्ष 2017 में बीबीए मार्केटिंग और मानव संसाधन प्रबंधन वर्ष 82 .8 प्रतिशत, वर्ष 2013 में 12वीं दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची साइंस से 82 .2 प्रतिशत और 2011 में दसवीं पब्लिक स्कूल बचरा से 93 प्रतिशत अंक लाकर पास की थीं। ऐसे सफलता पर मनीषा रंजन ने कहा कि पति आशीष रंजन और शिक्षकों के निर्देशन में सहयोग से हमें सफलता मिली है। इनके सफलता पर विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व विधायक निर्मला देवी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, उपप्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, भीखन महतो कार्तिक महतो, कृषि पंडित मीनू महतो, नाना प्रभात मेहता, पार्वती देवी, दादी पनवा देवी, पिता कामेश्वर महतो, बड़े ससुर, खिरोधर प्रसाद मेहता, ससुर झमन लाल महतो, चाचा रामचंद्र कुमार, रूपलाल महतो, शिव शंकर कुमार, पंचम कुमार दांगी, दशरथ प्रसाद कुशवाहा, मामा रामेश्वर महतो, मां किरण कार्तिकेय, बड़ी सास रामदुलारी देवी, सावित्री देवी, फागुनी देवी, पूनम देवी, प्रतिमा कुमारी, सुनैना कार्तिकेय, लीलावती कुमारी, दीदी श्यामा कुमारी, रीना रंजन, काजल कुमारी, अस्मिता रंजन, सिद्धार्थ रंजन, पीयूष रंजन सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक तीन दिन बंद रखेंगे सेवाएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालयों में प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा तीन दिनों तक इनके द्वारा दिये जाने वाले सभी सेवाएं बंद रहेगी। बीते 18 जुलाई को प्रज्ञा केंद्र संचालक जो कि मलकपुर पंचायत सचिवालय, जिला चतरा के प्रज्ञा संचालक थे, के द्वारा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र में ही फांसी लगाकर आत्महत्या किया गया था। उन्होंने सुसाइड नोट के माध्यम से लिखा था कि अधिकारियों द्वारा काम का दबाव देना और समय पर पैसा न मिलना और आर्थिक तंगी होने के कारण उन्होंने आत्महत्या कर स्वयं को बलिदान दे दिया। उनके श्रद्धांजलि और शोक के लिए कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत स्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक 25 जुलाई तक सभी ऑनलाइन सेवाएं बंद रखेंगे। इनके द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। जिसमें उपेंद्र साव, मेहंदी हुसैन, सिकंदर कुमार, राजेंद्र प्रसाद बरनवाल, पंकज कुमार, सुजीत यादव, पार्वती देवी, सुमेश कुमार साव, दाऊद, मुबारक और अन्य संचालक भी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यसमिति की बैठक अगले माह रामगढ़ में



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के पदाधिकारियों का एक बैठक मंगलवार को रामगढ़ के सेवटा स्थित सिद्धि विनायक होटल और बैंक्वेट में संपन्न हुआ। बैठक में विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम और विहिप प्रांत मिथिलेश्वर मिश्र उपस्थित हुए। विहिप प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत का प्रांत कार्यसमिति का बैठक इस वर्ष रामगढ़ में होना हुआ। जिसको लेकर का विहिप के प्रांत के पदाधिकारियों के साथ आगामी बैठक को लेकर चर्चा और विचार विमर्श किया गया। आगे उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रांत कार्यसमिति कि बैठक दिनांक 1, 2 और 3 अगस्त तक रामगढ़ में होना तय हुआ है जो रामगढ़ के सेवटा स्थित सिद्धि विनायक होटल व बैंक्वेट में संपन्न होगा। इस बैठक विहिप के आगामी कार्यक्रमों के लिए योजना बनायी जायेगी और पूर्व में किये कार्यों की समीक्षा भी की जायेगी। प्रांत कार्यसमिति कि बैठक में ही विहिप के द्वारा योजना बनाई जाती है और उसी योजना से विहिप के कार्यकर्ता आगे कार्य करते हैं। इस बैठक में विहिप के झारखंड प्रांत के पदाधिकारियों के अलावे झारखंड प्रांत के सभी जिलों के विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, विहिप जिला अध्यक्ष संतु भाई मानिक, विहिप जिला मंत्री छोटू वर्मा, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका कृति गौरव, जिला उपाध्यक्षा रमा शर्मा, विनय शर्मा, बीजू गोयनका, जितेंद्र मिश्रा, गीता मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

## रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में शोक सभा का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामगढ़ में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र अमोल कुमार को श्रद्धांजलि दी गयी। अमोल कुमार की आकस्मिक मृत्यु से पूरा विद्यालय स्तब्ध है। उनके असमय निधन से सभी छात्र और शिक्षक गहरे दुख में हैं। शोक सभा में विद्यालय प्रबंधन के सचिव शंकर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य श्रीप्रवीन और शिक्षकों ने अमोल कुमार के व्यक्तित्व और तेजस्व कार्य को याद किया। छात्रों ने भी अपने साथी की याद में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साथ बिताये गये पलों को याद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि अमोल कुमार एक होनहार और मेधावी छात्र था, जिनकी अनुपस्थिति विद्यालय को गहराई से महसूस होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार छात्र के परिवार के साथ संवेदनाएं व्यक्त करता है। शोक सभा में लोगों ने छात्र के चित्र में माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और दो मिनट का मौन रखा। उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे।

## खरीफ 2025 अंतर्गत बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर कार्यशाला का आयोजन




**चतरा (आजाद सिपाही)।** कृषि विभाग के आत्मा सभागार में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा द्वारा की गयी। इस अवसर पर बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के प्रतिनिधि, CSC मैनेजर, झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, चतरा के शाखा प्रबंधक, सहायक निबंधक सहकारिता समितियां, सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, जिला के विभिन्न पैक्स प्रतिनिधि, एटीएम और बीटीएम उपस्थित थे। बैठक में सभी अधिकारियों और प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक अधिक से अधिक किसानों का बीमा सुनिश्चित करायें, अगहनी धान और भदई मकई की फसल के लिए। सभी पैक्स प्रतिनिधियों, एटीएम, बीटीएम को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसान फार्म जनरेट कर नजदीकी उरउ केंद्र भेजें। फसल बीमा के लिए आवश्यक दस्तावेज यथा स्व–घोषणा पत्र, आधार कार्ड, बैंक, पासबुक, राजस्व रसीद, सत्यापित वंशावली, मोबाइल नंबर। किसान इन दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम उरउ केंद्र पर जाकर केवल 1 टोकन मनी के रूप में जमा कर बीमा करा सकते हैं। साथ ही, किसान स्वयं भी पोर्टल www.pmfby.gov.in पर जाकर ऑनलाइन बीमा आवेदन कर सकते हैं। उक्त कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है।

## वन विभाग की कार्रवाई, दो हाइवा जब्त



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज वन क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध कोयले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को दो हाईवा जब्त किया है। ये हाईवा चतरा – डोभी मुख्य पथ एनएच 22 स्थित हंटरगंज के प्रतापपुर मोड़ से बड़ी मात्रा में कोयला भरकर बिहार की ओर जा रहा था। वन विभाग को मिली में गुप्त सूचना के बाद प्रभारी वनपाल चंदन कुमार के संयुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पहला हईवा को रोकने का इशारा किया, जिसे देखकर चालक वाहन को तेज गति से भगाने लगा। लगभग 200 मीटर आगे मौका देखकर चालक अपना वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। इसी बीच पीछे से आ रहे हाईवा चालक को जैसे ही जानकारी मिली तो वह भी अपना हाइवा छोड़ कर फरार हो गया। हंटरगंज प्रक्षेत्र वन अधिकारी सूर्यभूषण कुमार ने बताया कि दोनों हईवा की जांच करने पर पता चला कि उनमें भरे कोयले की कोई वैध रसीद नहीं थी और न ही परिवहन की कोई स्वीकृति ली गयी थी। अधिकारियों ने मौके पर ही दोनों वाहनों जिसकी पंजीयन नंबर क्रमशः JH02 BS 3504 और JH02 BR 2490 को जब्त कर लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में वाहन मालिक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी। दोनों वाहन मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस छापेमारी के दौरान प्रभारी वनपाल चंदन कुमार, वनरक्षी मुकेश कुमार, हरेंद्र राणा, अमरदीप टोप्पो, आदि होम गार्ड के जवान समेत अन्य स्टॉफ मौजूद थे।

### डीसी ने तस्करों के खिलाफ सीओ और थाना प्रभारी को दी खुली छूट

# बालू और पत्थर तस्करों पर की जायेगी कार्रवाई, सीओ भी दर्ज करेंगे प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में कोयला तस्करों के बाद अब बालू और पत्थर तस्करी करने वालों पर गाज गिरेगी। जिला प्रशासन ने तस्करों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई करने के लिए कमर कस लिया है। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने बालू और पत्थर की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई के लिए सभी अंचल अधिकारी और सभी थाना प्रभारी को खुली छूट दे दी है। अब खनन विभाग के अलावा अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी भी सीधे गाड़ियों की जांच कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर उसे जप्त कर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर सकते हैं। अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को बालू और



पत्थर तस्करों पर कार्रवाई करने के लिए खनन विभाग को पत्र लिखने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**कार्रवाई करने को लेकर नहीं जरूरी है खनन विभाग से पत्राचार :** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि ऐसे कई मामले सामने आये हैं जहां अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा बालू और पत्थर माफिया पर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्र लिखा जा रहा है। उक्त परिस्थिति में अनावश्यक विलंब होता है। जिसके कारण की जाने वाली कार्रवाई पर प्रतिकूल असर भी पड़ता है। साथ ही अन्य सक्षम पदाधिकारी द्वारा अग्रसारित मामलों में कार्रवाई किये जाने से बीएनएस की धारा 105 और 185 का अनुपालन किया जाना संभव नहीं है। भविष्य में अभियोजन पक्ष के कमजोर होने की पूर्ण सम्भावना बनी रहती है।

**सभी अधिकारियों को दिया गया निर्देश**

**डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सभी अधिकारियों को कार्रवाई करने को लेकर निर्देश जारी किया है। डीसी ने बताया कि सभी अंचल अधिकारी, अपने क्षेत्र में किसी भी स्थान पर ट्रक व अन्य वाहन को रोकने, जांच करने, तलाशी लेने और उसमें ले जाये जा रहे खनिजों, अयस्कों को सत्यापित करने और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जप्त करने के लिए प्राधिकृत हैं। लघु खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामलों में प्रयुक्त औजार, सयंत्र और वाहन के साथ लघु खनिजों को जब्त करने, नियमों का उल्लघंन करने वाले के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए भी प्राधिकृत हैं।**

## उर्मिला कुमारी ने दूसरी बार यूजीसी-नेट परीक्षा में हासिल की सफलता

**सफलता का श्रेय सास फुलकांति देवी और ससुर तुलसी महतो को दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मुर्राम कला निवासी उर्मिला कुमारी ने एक बार फिर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने दूसरी बार यूजीसी -नेट (जून 2025) परीक्षा में उत्तीर्ण कर सहायक प्राध्यापक पद के लिए अर्हता प्राप्त की है। वर्तमान में उर्मिला कुमारी रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग में खोरठा



विषय में डॉ. अवध बिहारी महतो के निर्देशन में पीएच.डी. शोधकार्य कर रही हैं। निरंतर परिश्रम, लगन और पारिवारिक सहयोग के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की है।

इस उपलब्धि का श्रेय वे अपने सास फुलकांति देवी और ससुर तुलसी महतो को देती हैं। जिनका सहयोग, आशीर्वाद और संबल उन्हें निरंतर प्राप्त होता रहा है।

इस अवसर पर उनके शोध निर्देशक डॉ. अवध बिहारी महतो, घनश्याम महतो क्षेत्र के शिक्षाविद, और उनके परिवारजनों ने उर्मिला कुमारी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सफलता को क्षेत्र की बेटियों के लिए एक प्रेरणा बताया।

## 110 लीटर देशी महुआ शराब जब्त

**प्रतापपुर/ चतरा(आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिमराडीह व जगनडीह मुख्य मार्ग पर छापेमारी की और 110 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस ने बताया कि शराब तस्कर बिहार के लिए जा रहा था। पुलिस ने बताया कि शराब तस्कर खेत में कीचड़ का लाभ उठाकर भाग निकले। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर लदे 110 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया है। इस कार्रवाई में एसआइ बिनोद तिवारी सहित अन्य जिला बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी और शराब तस्करों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## खधैया उच्च विद्यालय में लगा वाटर फिल्टर, बच्चों में खुशी




आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खधैया में बच्चों को शुद्ध जल पीने को मिले इसको लेकर जेएमएम जिलाध्यक्ष सह कबरा मुखिया नीलेश ग्यासेन के पहल पर एएमपीएल फाउंडेशन के द्वारा विद्यालय में आर ओ वाटर कूलर सिस्टम लगाया गया। जिसका उद्घाटन जेएमएम जिला कोषाध्यक्ष सह कबरा पंसस नीतेश राणा, शिक्षक अनिल दास और एएमपीएल के प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। आरओ सिस्टम लगने के बाद स्कूल के बच्चों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। आर ओ सिस्टम लगाने से बच्चों में खुशी का माहौल है। वहीं जिलाध्यक्ष सह मुखिया नीलेश ग्यासेन से बात करने पर बताया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्रों की अधिक संख्या और सुविधाओं को देखते हुए यहां वाटर कूलर मशीन लगायी गयी है। जहां विद्यालय के बच्चे स्वच्छ पानी पी सकेंगे। नीतेश राणा ने कहा कि आर ओ सिस्टम विद्यालय में लगाने से शुद्ध जल और शीतल पेयजल छात्र - छात्राओं को मिलेगा। इससे विद्यालय के लगभग पंद्रह सौ बच्चे लाभान्वित होंगे। इस मौके पर एएमपीएल फाउंडेशन के सीएसआर हैंड इंद्रजीत सिन्हा, करन कुमार, शमीम अंसारी, दीपक राणा, अनु विश्वकर्मा, अजय साव, इकराम अंसारी, लक्की सिंह, देवनाथ महतो, सुखारी महतो, अजित सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

## अवैध मिनी फैक्ट्री से 598 बोतल विदेशी शराब जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उत्पाद विभाग द्वारा वशिष्ठ नगर थाना की संयुक्त कार्रवाई में कटैया गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म की आड़ में संचालित अवैध विदेशी शराब निर्माण की मिनी फैक्ट्री का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया गया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि मुन्ना साव, छोटू साव और अशोक साव द्वारा संचालित इस मिनी फैक्ट्री में स्पिरिट में कृत्रिम कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार की जा रही थी। तैयार शराब को ब्रांडेड विदेशी शराब की बोतलों में भरकर, नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी। इस मौके पर बोतलबंद विदेशी शराब : 598 बोतल (लगभग 291.015 लीटर), तैयार नकली रंगीन शराब : 20 लीटर, स्पिरिट : 90 लीटर, 8 पीएम विस्की एवं आइकॉनिक व्हाइट विस्की के नकली लेबल, नकली होलोग्राम, शराब पैकिंग और बोतल बंदी के उपकरण जब्त किया गया। इस दौरान अवैध कारोबार में संलिप्त सभी आरोपी मौके पाकर जंगल की ओर फरार हो गये। उनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी छापामारी जारी रहेगी। छापामारी दल में आशीष कुमार पांडेय अवर निरीक्षक उत्पाद, अभिषेक आनंद अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद आरक्षी दल, गृहरक्षक बल, महिला गृह रक्षक, वशिष्ठ नगर थाना की पुलिस टीम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मांगों को लेकर धरना पर बैठे डाक कर्मचारी

**मांगे पूरी नहीं होने पर 31 जुलाई को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करेंगे: संघ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर पूरे देश में कर्मचारियों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। 41 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को रामगढ़ प्रधान डाकघर के कर्मचारी हजारीबाग डिवीजन में आयोजित धरना में शामिल हुए। हजारीबाग डाक अधीक्षक कार्यालय पर राष्ट्र हित, विभाग हित और कर्मचारी हित में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के बैनर तले धरना दिया गया। मंगलवार को अपना काम खत्म करने के बाद शाम 5 बजे से कर्मचारी धरना में शामिल हुए। 41 सूत्री मांगों के समर्थन में हजारीबाग के वरिष्ठ डाक कर्मचारी जयहिंद कुमार, अरुण कुमार की अध्यक्षता में अपने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

संघ ने कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो वे विवश होकर 31 जुलाई को एक दिन का सांकेतिक हड़ताल करेंगे। सभी कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। धरना में मुख्य रूप से वरिष्ट डाक कर्मचारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, बीरेंद्र प्रसाद मेहता, छोटी लाल मेहता, सुबोध कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार, मंजय कुमार, सिंह, रंजन दास, शैलेन्द्र कुमार सिंह, पंकज कुमार, संजय कुमार महतो, बीरेंद्र मेहता, रविशंकर राय, नेपु राम चंद्रवंशी, प्रियांशु कुमार समेत अन्य डाक कर्मचारी उपस्थित हुए।

## आरएच पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक की बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आरएच पब्लिक स्कूल, बुढ़ाखाप (रामगढ़) में अभिभावक–शिक्षक की बैठक सह परीक्षा परिणाम वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के निदेशक संतोष कुमार महतो और चेयरपर्सन प्रीति महतो शामिल रहे। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों के बीच बच्चों के प्रथम यूनिट के जारी परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया। साथ ही, शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा कर परिणाम के मूल्यांकन की। वहीं, अधिकांश विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम से अभिभावक और शिक्षक काफी उत्साहित दिखे। इधर, शिक्षकों ने विद्यार्थियों की कमजोरी व विशेषता को लेकर अभिभावकों संग साझा कर सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दी। जबकि अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन से संवाद कर विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्था की सराहना की। विद्यालय निदेशक संतोष कुमार महतो ने विद्यालय के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक व अभिभावकों का संयुक्त प्रयास अत्यंत आवश्यक बताया। विद्यालय चेयरपर्सन प्रीति महतो ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए निरंतर प्रयास करने को लेकर प्रेरित किया। इधर, प्राचार्य सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यालय का पारदर्शिता, समर्पित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण को दर्शाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सुशील कुमार सिन्हा, शिक्षक कालेश्वर महतो, शिव प्रसाद, घनश्याम महतो, विकास कुमार, संतोष महतो, शहनाज प्रवीण, देवंती कुमारी, कविता कुमारी, पबिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, किरण कुमारी, रेखा कुमारी, अंजू कुमारी, ममता कुमारी, संगीता कुमारी, बबीता कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय आम दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में संचालित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय आम दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने फलों के राजा आम को समर्पित इस दिन को रंग–बिरंगी वेशभूषा, कलाकृतियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत आम पर आधारित कविताओं और कहानियों के साथ हुई। बच्चों ने पीले और हरे रंग के वस्त्र पहनकर आम के रूप में सजधज कर भाग लिया। स्कूल परिसर को आम की पेंटिंग्स, गुब्बारों और पोस्टरों से सजाया गया था। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बच्चों को आम की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम विटामिन ए, सी और रेशों से भरपूर होता है, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ–साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। कहा कि मैंगो डे जैसे रचनात्मक आयोजनों से बच्चों का भाषा विकास और आत्मविश्वास दोनों बढ़ता है। शिक्षिका दिव्या कुमारी ने बताया कि आम सिर्फ फलों का राजा नहीं, बल्कि यह गर्मियों में लू से भी बचाता है। इस तरह अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मैंगो डे एक शैक्षणिक और मनोरंजक अनुभव बन गया, जिसे बच्चों और अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर समीक्षा कुमारी, दिव्यम शौर्य सिंह, जानवी कुमारी, कृष कुमार, जेसन जॉन, रुद्र प्रताप, सक्षम कुमार, अवनी आर्य, वंश कुमार, इशिका कुमारी, कीर्ति कुमारी, शिवम कुमार सहित दर्जनों बच्चों ने भाग लिया और सभी ने आम के रंग में रंगकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका उर्मिला कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, निधि सिंह, दिव्या कुमारी, तारा कुमारी, नैना कुमारी, प्रिया कुमारी, सुशीला एंथोनी और पूर्णिमा कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## उरीमारी और बिरसा शाखा की हुई बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल आठ नंबर स्थित कोल फील्ड मजदूर यूनियन कार्यालय में मंगलवार को बिरसा और उरीमारी परियोजना शाखा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद हसन और संचालन बिरसा शाखा सचिव सुनिल सिंह ने किया। इस दौरान मोहम्मद हसन ने कहा कि पिछले 9 जुलाई की हड़ताल को सभी साथियों ने मिलकर सफल बनाया। और आगे भी अधिक से अधिक सदस्यता दिलवाकर कोलफील्ड मजदूर यूनियन (संगठन) को मजबूत बनाना है, और मजदूरों के हितों में काम करना है। बैठक में बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने कहा कि विगत 9 जुलाई के हड़ताल को सफल बनाने में हमारे यूनियन के साथीयों ने चढ़–बढ़ कर हिस्सा लिया इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। बैठक में क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे, क्षेत्रीय सेफ्टी मेंबर संजय यादव, उरीमारी शाखा सचिव बिनोद साव, बेलों शर्मा, बिरसा शाखा सचिव सुधीर, श्रवण कुमार, पवन कुमार, अवधेश घासी, धन सिंह सागर, दीपक कुमार, अमर राम ,मो0 सफिक, चन्द्र शेखर यादव उपस्थित थे।

## किशनपुर में वज्रपात से महिला की मौत

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर में मंगलवार को 4 बजे भारी वर्षा के दौरान वज्रपात हुई। जिसके चपेट में आने से सियानी उर्फ मधवापुर निवासी 45 वर्षीय बिलासो देवी, पति महादेव महतो की मौके पर हीं मौत हो गयी। मृतका के गर्दन के आस-पास झुलस जाने के कारण काला हो गया था।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: एमईसीएचसीकेपी-25-26-11, दिनांक 19.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** टाटानगर यार्ड तथा निकटवर्ती क्षेत्र अर्थात् आदित्यपुर, कान्ड्रा, सिनी एवं डंगोवापोसी क्षेत्र में भी डीजल रेल इंजनों में मार्ग/दहलीज पर दोबारा ईंधन भरने के लिए आरसीडी/डीएलएस/टाटानगर में 12 केएल क्षमता की 02 अदद निजी ऑयल टैंकर एक वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे हेतु किराए पर लेना। **निविदा मूल्य:** रु. 38,21,513.04; **बोली सुरक्षा:** 76,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-426)**

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# संसद का हंगामेदार मॉनसून सत्र

मॉनसून सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा और यह स्थिति तब हुई, जब सरकार कह रही है कि वह चर्चा के लिए तैयार है। सेशन शुरू होने के पहले सर्वदलीय बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच जो सहमति बनती दिखी थी, वह अगले कुछ ही घंटों में गायब हो गयी। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है।

**सर्वदलीय बैठक :** यह पहले से ही तय था कि इस सेशन में पहलगाम, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दावों और बिहार में चल रही वोटर लिस्ट की समीक्षा को लेकर विपक्ष की सरकार को घेरने की कोशिश होगी। ये सारे मुद्दे अहम हैं और सरकार भी इस बात को मान रही है। इस लिहाज से सर्वदलीय बैठक सुखद रही थी, जहां दोनों पक्ष सदन में सार्थक बहस के लिए तैयार दिख रहे थे।

**प्रक्रिया का मामला :** अब विपक्ष चाह रहा है कि सत्र की शुरुआत में ही चर्चा हो जाये और सरकार कह रही है कि पहले कार्य मंत्रणा समिति में उन विषयों को उठाया जाये, जिन पर बात होनी है - जो मुद्दे तय होंगे, सरकार उन पर चर्चा को राजी है। दोनों पक्ष यह दिखाना चाहते हैं कि उनकी तरफ से कोई गतिरोध नहीं। यह राजनीति की मांग होती है कि सरकार कमजोर नहीं दिख सकती और विपक्ष झुकना नहीं चाहता, लेकिन, इन मुद्दों की गंभीरता को देखते हुए राजनीतिक विरोध को एक तरफ रखने की जरूरत है।

**मॉनसून सत्र को पीएम मोदी ने विजय उत्सव की तरह बताया। उन्होंने जंग के मैदान में पाकिस्तान के खिलाफ, नक्सलियों के विरुद्ध देश के भीतर चल रही लड़ाई में और इकॉनमी के मोर्चे पर मिली सफलताओं का जिक्र किया।**

**जनता का अधिकार :** सरकार और विपक्ष, दोनों को याद रखना चाहिए कि वे जिन सवालों को लेकर आमने-सामने हैं, उनका जवाब पूरा देश जानना चाहता है। सवाल भले विपक्ष के हों, पर उनके जवाबों पर पहला हक जनता का होगा। बेशक, सरकार ने पहले भी समय-समय पर बात रखी है, लेकिन पारदर्शी और विस्तृत ढंग से सारी चीजें तो बहस के बाद ही सामने आ पाती हैं। संसद में सरकार और विपक्ष की जवाबदेही तय होती है। इसे हंगामे की भेंट नहीं चढ़ाया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना दोनों की जिम्मेदारी है कि सत्र के आने वाले दिन सकारात्मक और सार्थक हों।

**सरकार का रुख :** मॉनसून सत्र को पीएम मोदी ने विजय उत्सव की तरह बताया। उन्होंने जंग के मैदान में पाकिस्तान के खिलाफ, नक्सलियों के विरुद्ध देश के भीतर चल रही लड़ाई में और इकॉनमी के मोर्चे पर मिली सफलताओं का जिक्र किया। पीएम ने मौजूदा सत्र के लिए एक तरह से सरकार का रुख तय कर दिया कि इसी पर चर्चा आगे बढ़ेगी, लेकिन यह तभी हो सकता है, जब सरकार और विपक्ष के बीच एक कॉमन ग्राउंड बने। शोर-शराबे, नारेबाजी और वॉकआउट से तो सत्र विजयोत्सव नहीं बन पायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।**

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है भारत की अंतरिक्ष यात्रा



**डॉ जितेंद्र सिंह**



भारत की अंतरिक्ष यात्रा आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है। इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखायी दे रही एक दरार से हुई–जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब मांगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाये, मरम्मत पर जोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ. एक मिशन की रक्षा की बल्कि–एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) से जुड़कर, वह –न सिर्फ. अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गये। यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गये थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

**हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुंचाना।**

अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन–इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक?सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है।

शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएं अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा। अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि–ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं–तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नयी फसल किस्में विकसित हो सकें।

यहां तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है - जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है।

ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है–चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, इएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नये युग को दर्शाता है, जहां भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है।

पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ़्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे।

शुक्ला अब लौट आये हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लायी गयी अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

यह सिर्फ. एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है। यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक –दूरदराज के गांवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुंचाना सुनिश्चित करने की बात है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुंचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है। और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हें सिर्फ. अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

**(लेखक : केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### भारत स्काउट एंड गाइड्स की अदिति कुंडु को राष्ट्रपति पुरस्कार



चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)। भारत स्काउट एंड गाइड्स चक्रधरपुर मंडल की रेंजर अदिति कुंडु को भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह संगठन का सर्वोच्च सम्मान है। गौरवपूर्ण उपलब्धि ने चक्रधरपुर मंडल का नाम रोशन किया और समस्त स्काउटिंग समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है।

### विधायक सरयू राय ने बैंकॉक में दो स्वर्ण पदक जीतनेवाली स्नेहा को किया सम्मानित



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। विश्व स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली मानगो निवासी स्नेहा कुमारी का जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को उनके आवास पहुंचकर सम्मान किया। श्री राय ने स्नेहा को मिठाई खिलाई, अंगवस्त्र और बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं।मौके पर विधायक ने उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री राय ने कहा स्नेहा ने कठिन परिस्थितियों में देश और शहर का नाम रोशन किया।इस अवसर पर सुबोध श्रीवास्तव, अजय कुमार, मुन्ना सिंह, पिंटू सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, नीरज सिंह, अमृता मिश्रा, संतोष भगत, ममता सिंह आदि शामिल रहे।

### आरटीआइ कार्यकर्ताओं की सुरक्षा को लेकर विधानसभा के समक्ष धरना 5 को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिस्टुपुर स्थित निर्मल गेस्ट हाउस में आरटीआई कार्यकर्ता संघ केंद्रीय समिति की एक बैठक अध्यक्ष दिल बहादुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।मंगलवार को बैठक में संघ ने घोषणा की आरटीआई कार्यकताओं की सुरक्षा व लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षण को लेकर आगामी 5 अगस्त को झारखंड विधानसभा के समक्ष धरना दिया जाएगा।संघ के अध्यक्ष दिल बहादुर ने बताया केंद्रीय महासचिव कृतिवास मंडल और आरटीई कार्यकर्ता सुनील मुर्मू को मोबाइल से धमकियां मिलने के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा यह प्रशासन की लापरवाही और आरोपी को संरक्षण देने का संकेत है।उन्होंने बताया इस मामले में डीजीपी, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और विपक्ष के नेता को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष पूर्वी घोष, महासचिव कृतिवास मंडल, सदन ठाकुर, मुस्ताक अहमद, तसलीमा मल्लिक, अनंत महतो समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# पोटका विधायक संजीव सरदार डीसी से मिले

- कॉलेज निर्माण में तेजी, आपदा पीड़ितों को मुआवजा, सड़क मरम्मत और ट्रैफिक समाधान पर रखीं अहम मांगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पोटका विधान सभा क्षेत्र में समग्र विकास के लिए कई अहम मुद्दों को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार ने डीसी कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, यातायात एवं कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को रेखांकित करते हुए समाधान के लिए विस्तार से चर्चा की।मौके पर विधायक ने पोटका डिग्री कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये, ताकि क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण का लाभ जल्द मिल सके। साथ ही उन्होंने यूसिल विस्थापितों को मुआवजा, पुनर्वास और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई। विधायक ने भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों और ग्रामीण आवासों की शीघ्र मरम्मत, करनडीह चौक पर ट्रैफिक सिग्नल और हल्दीपोखर में पुलिस टीओपी की स्थापना की मांग भी प्रमुखता से उठाये। मौके पर डीसी ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।



# शिक्षकों ने 40 हजार की सहयोग राशि सौंपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

पटमदा। जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के शिक्षकों ने दिवंगत सहायक अध्यापक तरणी सहिस के बनकुंचिया स्थित आवास पर पहुंचकर उनके परिवार को लगभग 40 हजार रुपये की सहयोग राशि सौंपी।मंगलवार को यह राशि दो किस्तों में तरणी सहिस की पत्नी कविता वाला सहिस को दी गई। ब्रेन हैमरेज से हाल ही में तरणी सहिस का निधन हो गया था। जिससे परिवार आर्थिक संकट में गुजर रहे है। वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुईला के मार्गदर्शन में शिक्षकों ने यह राशि जुटाई।राखडीह स्कूल के शिक्षक प्रबोध महतो ने बताया तरणी बाबू ने 2006 में पारा शिक्षक के रूप में नव प्राथमिक विद्यालय बंशीडीह बनकुंचिया में योगदान दिया था। बाद में उनका पदस्थापन मध्य विद्यालय बनकुंचिया में हुआ था। उनका चले जाने से शिक्षकों में काफी आहत है।मौके पर जगदीश महतो, ब्रह्मपद महांती, शक्ति शेखर, अजित सिंह, धनंजय सिंह सहित अन्य शामिल रहे।



# बहरागोड़ा में अबुआ आवास योजना के तहत 21 लाभुकों को मिला नया घर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा/जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड परिसर में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण आवासों के लिए सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक समीर मोहंती और उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान ने प्रतीकात्मक रूप से 21 लाभुकों को आवास की चाबी और उपहार भेंट किए। इस मौके पर पंचायतों में लाभुकों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश किया।

विधायक समीर मोहंती ने कहा हेमंत सरकार की यह योजना कमजोर वर्गों को गरिमामयी जीवन देने की दिशा में अहम कदम है। इस मौके पर बीडीओ केशव भारती, सीओ राजा राम सिंह मुंडा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण लाभुक उपस्थित रहे।



### उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर विवाद ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन



गम्हरिया (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसवां जिले के गम्हरिया स्थित घोटाबामारी गांव में प्रस्तावित उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया बिना ग्रामसभा और पूर्व सूचना के निर्माण स्थल का चयन किया गया। मंगलवार को ग्रामीणों ने डीसी नितीश कुमार सिंह को लिखित आवेदन सौंप कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया निर्माण कार्य गांव के ऐसे हिस्से में हो रहा जहां न तो सरकारी पहुंच मार्ग है न ही यह क्षेत्र व्यावहारिक है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कुछ प्रभावशाली लोगों ने फर्जी ग्रामसभा दिखाकर निर्माण शुरू कराया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र गांव के बीच स्थित सरकारी भूमि पर बनाने की मांग की। जहां पूर्व में भी केंद्र का संचालन होता था। इससे पूरे पंचायत को लाभ मिलेगा।

### सरायकेला में पेयजल संकट गहराया डीसी से मिले विधायक प्रतिनिधि



सरायकेला (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र में दो वर्षों से जारी पेयजल संकट को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गये कि विधायक चंपाई सोरेन के प्रतिनिधि सनद आचार्य को खुद मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने जलापूर्ति बहाल नहीं होने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी थी, जिसके बाद डीसी ने हस्तक्षेप कर दो दिन में समाधान का आश्वासन दिया। मंगलवार को जानकारी देते हुए सनद आचार्य ने सवाल उठाया 25 करोड़ की लागत से बनी जलापूर्ति योजना महज चार वर्षों में कैसे फेल हो गयी, जबकि हर माह 6 लाख मेंटेनेंस पर खर्च हो रहे हैं। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को दो दिन में जलापूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। साथ ही जांच का भरोसा भी दिलाया।

### बिस्टुपुर में 'रिदम जंगल फैमिली रेस्टोरेंट' का भव्य उद्घाटन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिस्टुपुर एन रोड स्थित सेंट मेरिज स्कूल के समीप इन्फिनिटी टावर के भूतल पर रिदम जंगल फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, संचालक राजीव सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के कर कमलों से संपन्न हुआ। मंगलवार को उद्घाटन सत्र में संचालक राजीव सिंह ने बताया जंगल थीम पर आधारित यह वातानुकूलित रेस्टोरेंट इंडियन, चाइनीज और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पेश करेगा। तंदूरी डिश, मॉकटेल, आइसक्रीम संडे और क्रिस्पी चिकन खास आकर्षण होंगे। 60 लोगों की क्षमता वाले रेस्टोरेंट में किट्टी पार्टी, बर्थडे, सगाई के लिए भी व्यवस्था है। सावन में बिना लहसुन-प्याज वाले व्यंजन भी उपलब्ध हैं। मौके पर पूर्णिमा मल्लिक, माणिक मल्लिक, डॉ संजय गिरी सहित कई अतिथि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पीएलवी ने दिव्यांग को मुहैया कराया व्हीलचेयर



**रंका (आजाद सिपाही)।** विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तहत रंका प्रखंड पीएलवी कृष्णानंद दुबे के नेतृत्व में विश्रामपुर पंचायत पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, मानपुर पंचायत पीएलवी समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार और खरडीहा पंचायत पीएलवी महेंद्र ठाकुर के संयुक्त प्रयास से चुटिया पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण एवं दिव्यांग जन खोज संपर्क अभियान चलाया गया जिसमें गोदरमाना बाजार निवासी अनिकेत कुमार पिता श्याम किशोर प्रसाद के रूप में एक दिव्यांग लड़का का खोज किया गया जो गैंग्रीन नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। जिसका इलाज भी पीएलवी राजेश कुमार चौधरी के द्वारा कराया गया और एक व्हीलचेयर मुहैया कराई गई। इस मौके पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने आजाद सिपाही को बताया कि आगामी 25 जुलाई को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ असजद अंसारी के नेतृत्व में आयोजित कैंप में इस दिव्यांग को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है ताकि पेंशन वगैरह सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## जायंट्स ग्रुप ने 50 फलदार पौधे लगाये



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय के फरठिया स्थित फार्म हाउस में पर्यावरण की शुद्धता के लिये वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर 50 फलदार, इमारती तथा औषधीय पौधे लगाए गये। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियो ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते कहीं बाढ़ तो कही अल्प वृष्टि के कारण सूखा का सामना करना पड़ रहा है। गढ़वा रेनसेडो जोन में आता है, यहाँ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपन की जरूरत है। अतः वृक्ष लगाना हर मनुष्य का कर्तव्य है। वृक्ष से धरती हरी भरी होने से पर्यावरण शुद्ध और संतुलित रहता है। साथ ही, मनुष्य का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। वक्ताओं ने आम लोगो से अपील किया कि सभी व्यक्ति एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगायें जिससे धरती को प्रदूषण से बचाया जा सके। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी,जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय एवं विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, जायंट्स ग्रुप गढ़वा के उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, विनोद गुप्ता, सुनील अग्रवाल, अशोक विश्वकर्मा, चंदन चंद्रवंशी, अजय केशरी सहित धनंजय सिंह, विजय चौबे, प्रवीण जायसवाल, विकास जी, रौशन दुबे आदि उपस्थित थे।

## विकास कार्यों को लेकर मुखिया के साथ बैठक, तालाबंदी कार्यक्रम स्थगित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखिया उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा उनसे संबंधित समस्याओं पर सामूहिक विमर्श करना था। बैठक में हर पंचायत से संबंधित विकास बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी और कई आवश्यक निर्देश भी दिये गये, ताकि विकास कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से आगे बढ़ाया जा सके।बैठक के दौरान यह भी घोषणा की गई कि 25 जुलाई 2025 को प्रखंड कार्यालय में प्रस्तावित तालाबंदी कार्यक्रम को फिलहाल के लिए किसी अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया गया है। यह निर्णय मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष द्वारा बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से बीपीओ सोनू कुमार, प्रखंड समन्वयक उमंग पांडेय, मुखिया अमित दुबे, विजय राम, सुबोध कुमार वर्मा, राजेश शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव, मनोज पासवान, रिंकू सिंह, तथा अन्य जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी का किया स्वागत



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने धुरकी में पद स्थापित नये थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया थाना प्रभारी ने जताया आभार। ज्ञात हो की धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार का तबादला श्री बंशीधर नगर किये जाने के बाद धुरकी में नये थाना प्रभारी के रूप में जनार्दन राउत ने पद भार ग्रहण किया है इसे देखते हुए सगमा के पंचायत प्रतिनिधियों ने नये थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा सगमा प्रखंड के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए प्रखंड क्षेत्र में ला इन आर्डर को दुरुस्त रखने का आग्रह किया। पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद के बाद नवागत थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने भरोसा दिलाते हुए कहा की हमारी प्राथमिकता थाना क्षेत्र में शांति के साथ सुरक्षा प्रदान करना है। सभी प्रबुद्ध लोगो के साथ पंचायत प्रतिनिधियों से अपील है की किसी भी घटना दुर्घटना की सूचना थाना को उपलब्ध करायें धुरकी पुलिस आपके सहयोग के लिए चौबीस घंटे तत्पर है। स्वागत करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों में बीरबल पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा सगमा पंचायत मुखिया तेज लाल राम कटहर कलां मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम, युवा समाजसेवी बालेश्वर यादव का नाम शामिल है।

## दिव्यांग बच्चों की जांच कर उपकरण का वितरण

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र भंडरिया में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए जांच एवं उपकरण वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के डॉक्टर अमित कुमार, बीआरपी शमशेर आलम, सीआरपी सत्यनारायण यादव, शिक्षक नीतीश कुमार वर्मा, फरदीनन्द टोप्पो एवं दिव्यांग बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर का उद्घघाटन किया इसके साथ प्रखंड के सभी कोटि के विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के तीन से अठारह आयु वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें दिव्यांग बच्चों हेतु सहायक उपकरण की खरीद में सर्व शिक्षा अभियान स्कीम के तहत एलआइएमसीओ भुनेश्वर की विशेषज्ञ टीम के द्वारा जांच कर 15 बच्चों को उपकरण वितरण किया गया। डॉ अमित कुमार ने दिव्यांग बच्चो के अभिभावक को बताया की पढ़ाई से लेकर सरकार ने नौकरी करने तक तीन परसेंट बढ़ाहकर चार परसेंट करदिया है। साथ ही उन्होंने कहा की नौकरी के आवर मे नौकरी करने पर पेट्रोल खर्च पर सरकार वहन करती है।

# दो साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोप में चाचा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** गढ़वा जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के एक गांव से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आयी है। गांव की महज दो वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे जेल भेज दिया है, जबकि बच्ची का इलाज चल रहा है और उसकी हालत अब स्थिर बतायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को गांव में एक ट्रैक्टर खराब हो गया था। उसी स्थान पर पीड़िता के पिता अपनी बच्ची को साथ लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान गांव का ही एक 22 वर्षीय युवक, जो बच्ची का दूर का रिश्तेदार और कथित रूप से 'चाचा' लगता है, बच्ची को गोद में लेकर यह कहकर चला गया कि वह उसे घर पहुंचा देगा। काफी देर तक जब बच्ची वापस नहीं आयी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। शाम करीब 5 बजे वह युवक बच्ची को लेकर लौटा, लेकिन वह बेहोशी की हालत में थी और उसकी स्थिति गंभीर थी। जब पिता ने युवक से इस स्थिति के बारे में पूछा तो वह घबरा गया और मौके से भागने की कोशिश की।

परिजन बच्ची को लेकर तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए बच्ची को डाल्टनगंज अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी हरकत में आए और इसकी जानकारी रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह को दी। डीएसपी, इंस्पेक्टर सुभाष पासवान और थाना प्रभारी अमित कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की।

डीएसपी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह दुष्कर्म का मामला है, और आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## किशोरी का शव कुएं से बरामद



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजार स्थित शिवकुंआ से मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की प्रिया कुमारी का शव उसके घर से 500 मीटर की दूरी पर बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की पहचान चिनियां निवासी विजय शाह की पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में की गयी है। बताया गया कि प्रिया रविवार शाम से ही रहस्यमय तरीके से लापता थी। परिवार वालों ने रातभर खोजबीन की, पर कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर परिजनों ने सोमवार को चिनियां थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मंगलवार सुबह ग्रामीण जब शिवकुंआ में पानी लेने पहुंचे तो देखा कि कुएं में एक लड़की की लाश तैर रही है। यह नजारा देख इलाके में सनसनी फैल गयी और देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजने की तैयारी की। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी और पूरे इलाके में मातम और चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस बड़ी दुर्घटना से गांव के लोग भी हतप्रभ हैं ।

## भीलमा की पंडी नदी से युवक का शव मिला

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भीलमा स्थित पंडी नदी के पश्चिम किनारे एक तालाब नुमा गढ़े में मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राहगीरों ने पानी में एक अज्ञात शव को तैरते हुए देखा। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और सैकड़ों ग्रामीण शव को देखने के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही कांडी थाना के एएसआई मनोज कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। बाद में शव की पहचान ग्राम भीलमा के टोला पखनाहा निवासी रोहित कुमार पाल (उम्र लगभग 35 वर्ष), पिता - विश्वनाथ पाल के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, रोहित मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन कुछ ही घंटे बाद उनका शव घुटने भर पानी में पाया गया। जिस जगह शव मिला, वहां पानी बेहद उथला था, जिससे मौत का कारण रहस्यमय बन गया है और लोगों में हत्या की आशंका भी जतायी जा रही है। मृतक रोहित कुमार तीन दिन पहले ही दूसरे प्रदेश से मजदूरी कर घर लौटा था। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके पीछे अब तीन छोटे-छोटे बच्चे, 8 वर्षीय हिमांशु, 6 वर्षीय दिव्यांशु, और 4 वर्षीय अंकुश, पत्नी रिंकू देवी, और वृद्ध माता-पिता बेसहारा हो गये हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या सागर प्रसाद ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक का पैर फिसलने के कारण वह मुंह के बल पानी में गिरा और डूबने से मौत हो गयी। हालांकि, वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। घटनास्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय भी पहुंचे, उन्होंने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत परिजनों को आपदा राहत कोष से सहायता राशि दी जायेगी, साथ ही परिवार को पेंशन योजना से भी जोड़ा जायेगा। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है और लोग आज भी यह सवाल कर रहे हैं कि यह हादसा था या किसी साजिश की परतें इसका जवाब अब पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सामने आयेगा।

# आदिम जनजाति महिला से दुष्कर्म, चार पर प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के चिनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिगसिगा खुर्द गांव में एक महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर चिनिया थाना में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आदिम जनजाति पीड़िता ने थाना में दी गयी शिकायत में कहा है कि 18 जुलाई की रात करीब 11 बजे गांव के ही उमेश प्रसाद (पिता - विजय साव) ने उसके घर में घुसकर जबरन उसके साथ बलात्कार किया। जब उसने विरोध किया और चिल्लाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर आवाज दबा दी। घटना के समय महिला का पति गांव से बाहर था, जो शादी समारोह में शामिल होने गया था। लेकिन घटना के दौरान वह अचानक घर लौट आया, जिसके बाद आरोपी से उसकी हाथापाई हुई। इस दौरान उमेश प्रसाद की चप्पल और मोबाइल घटनास्थल पर छूट गया, जिसे पीड़िता ने सुरक्षित रख लिया।

### आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

पीड़िता ने बताया कि अगले दिन (19 जुलाई) आरोपी उमेश प्रसाद के पिता विजय साव, चाचा महेन्द्र साव और सुनिल साव उसके घर पहुंचे और उसे तथा उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि 'अगर यह बात किसी को बतायी तो जान से मार देंगे या उल्टे केस में फंसा देंगे।' इतना ही नहीं, आरोप है कि चारों लोगों ने महिला और उसके पति को पूरे दिन नजरबंद कर रखा और बाहर जाने नहीं दिया। 20 जुलाई को भी ये लोग दोपहर तक उनके घर पर मौजूद रहे और बार-बार धमकी देकर मामले को पैसे लेकर रफा-दफा करने का दबाव बनाते रहे।

**चार आरोपियों पर दर्ज हुई प्राथमिकी :** पीड़िता की शिकायत पर चिनिया थाना में उमेश प्रसाद (मुख्य आरोपी) विजय साव (पिता), महेंद्र साव (चाचा) तथा सुनिल साव (चाचा) के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**पुलिस कर रही है जांच :** चिनिया थाना प्रभारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि मामला गंभीर है और सभी आरोपों की जांच की जा रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**ग्रामीणों में आक्रोश :** घटना के बाद सिगसिगा खुर्द गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाये।

## झाड़-फूंक के चक्कर में महिला की मौत

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरकला अंबेडकर नगर में झाड़-फूंक के चक्कर में एक महिला की जान चली गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फूलबसिया देवी (उम्र लगभग 50 वर्ष), पति भोला राम,को सोमवार करीब तीन बजे के आस पास घर मे ही सर्पदंश हुआ था। परिवार वाले अंधविश्वास में पढ़कर उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के लिए ले गये। लेकिन समय पर इलाज नहीं मिलने से महिला की स्थिति बिगड़ती चली गयी और मंगलवार को सुबह लगभग आठ बजे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# भ्रष्टाचार पर लगे लगाम, ताकि अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ : अनंत प्रताप देव



आजाद सिपाही संवाददाता


**केतार।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में साइकिल वितरण एवं सर्वजन पेंशन स्वीकृत सम्मान समारोह आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में विधायक अनंत प्रताप देव,प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी झामुमो केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य ताहिर अंसारी सहित अन्य झामुमों नेता उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार एवं संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने किया।कार्यक्रम में संयुक्त रूप से छात्राओं को साइकिल वितरण एवं सर्वजन पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। वितरण समारोह के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने बीडीओ प्रशांत कुमार को फटकार लगाते हुए कहा कि प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रखंड कार्यालय परिसर में दलाल पर लगाम नहीं लगा तो झामुमो कार्यकर्ता उसको दबोच लेंगे। विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार गरीबों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, ताकि उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुगमता से पहुंचे। वहीं प्रखंड मुख्यालय में कुल 287 छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, सचिव छोटन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष इम्तियाज आलम संगठन सचिव संजय वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि बलिगढ़ मनोरंजन प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे

## डंडई और रारो में बिजली चोरी करते आठ पर प्राथमिकी

**डंडई (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग ने एक बार फिर बिजली चोरी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को थाना क्षेत्र के डंडई और रारो गांव में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए कुल 8 लोगों को रंगेहाथ पकड़ा गया। पकड़े गये सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ डंडई थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। यह कार्रवाई बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल द्वारा की गयी। जानकारी के अनुसार, रारो गांव जिन 5 लोगो को पकड़ा गया उनमे देवंती देवी पति बच्चन साह, अफसाना खातून पति नूर मोहम्मद, शिवपतिया देवी पति विश्वनाथ साह, अली जान अंसारी पिता स्वर्गीय शमसुद्दीन अंसारी, सुनीता देवी पति रामेश्वर राम तथा डंडई गांव से 3 जिसमे दयानंद प्रसाद गुप्ता पिता रविंद्र प्रसाद गुप्ता, सकेंद्र प्रजापति पिता लखन प्रजापति, ज्ञानचंद साह पिता नान्हु साह का नाम शामिल है।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, कार्रवाई के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने आज के जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये लोगों की समस्याओं से अवगत हुए तथा उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देशित किया।

जनता दरबार में राशन, पेंशन, मंईयां सम्मान योजना, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार के दौरान सर्वप्रथम कांडी प्रखंड के ग्राम उगर निवासी पूजा देवी ने वर्ष 2017 से अब तक राशन नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत वे ग्रीन कार्ड के लाभुक हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः ग्रीन कार्ड होने की वजह से उन्हें राशन अभी तक नहीं मिल पा रहा है। अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने ग्रीन राशन कार्ड को लाल कार्ड में परिवर्तित कराने का अनुरोध किया है। इसी तरह जनता दरबार में 60 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची

5th call PR No. 353022
षष्ठ्म अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०– LAB/DWSD/23/2024-25 दिनांक 22.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 24.07.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 31.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 02.08.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment's Chemicals standard reference Microbial Cultures, Glassware's/ Plasticwares and General items in 9 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand B-Dumka Zone (Deoghar, Jamtara, Godda, Dumka, Pakur, Sahibganj, Dhanbad, Chas, Giridih) | 4,30,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
PR 357927 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची।
3rd PR. 353020
चतुर्थ अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/25/2024-25 दिनांक– 22.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनामएवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | दिनांक 24.07.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय. | दिनांक 31.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 02.08.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना,डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS IN 16 NOS.OF WATER TESTING LABORATORIES UNDER DW&SD, JHARKHAND RANCHI ZONE- DISTRICT LAB- RANCHI, HAZARIBAGH, CHATRA, RAMGARH, KODERMA, LATEHAR, GARHWA, MEDNINAGAR, LOHARDAGA, SIMDEGA, GUMLA, SUB DIVISIONAL LAB- PANKI (MEDNINAGAR), NAGAR UTAARI (GARHWA), PATRATU (RAMGARH), ORMANJHI (RANCHI EAST), BARWADIH (LATEHAR) | 2,08,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
PR 357926 Drinking Water and Sanitation(25-26)D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची।

# गरीब और वंचित परिवार को मिले सरकारी लाभ : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का इ-श्रम पोर्टल पर निबंधन, पंजीकृत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, बाल श्रम के रोकथाम सहित अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पात्र श्रमिकों का पंजीकरण शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सकें। जिले में बाल श्रम की रोकथाम हेतु अब तक की गयी कार्रवाई, चिन्हित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गयी। उन्होंने श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में बच्चों से श्रम न कराया जाए और ऐसे मामलों में त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी बच्चों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध प्रभावी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि गरीब और वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिले, जिससे बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें। श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में संबंधित योजनाओं पर खर्च पूरा करने का निदेश दिया गया।

बैठक में जिला में चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारियों ने अपने अपने संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नामांकन एवं अन्य जानकारियों से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसपर उपायुक्त ने विभिन्न ट्रेडों में खाली सिटों को अगस्त तक भरने का निदेश दिया, ताकि अगले सत्र में अधिक से अधिक नामांकन हो सके। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने नियोजनालय द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को अद्यतन कर सभी बिंदुओं पर पुनः विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के नियोजन, कौशल विकास और श्रमिक हित से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता एवं गति आवश्यक है। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# हिसरी उर्दू मध्य विद्यालय में शिक्षक की पिटाई से छात्र का हाथ टूटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिसरी स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में एक विद्यार्थी के हाथ टूटने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र एवं उसके परिजनों के अनुसार, विद्यालय ड्रेस नहीं पहनकर आने के कारण प्रधानाध्यापक देवीचरण उरांव ने उसे डंडे से बेरहमी से पीटा, जिससे उसका हाथ टूट गया। घटना की जानकारी मिलते ही मामला गरमा गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक की अनुशासनात्मक सजा के नाम पर की गयी मारपीट ने बच्चे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस विषय में जब प्रधानाध्यापक देवीचरण उरांव से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि 'प्रार्थना के समय कुछ बच्चे क्लास रूम में थे, जिन्हें बुलाने गया था। कई बार कहने पर भी जब वे बाहर नहीं आये तो हल्की छड़ी पीठ पर चलायी थी। इसी दौरान छात्र ने हाथ से रोकने की कोशिश की, जिससे हल्की चोट लगी। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त डॉ ताराचंद ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया कि यदि जांच में मामला सत्य पाया जाता है तो संबंधित शिक्षक पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उपायुक्त ने डीइओ सह डीएसइ को तत्काल स्थल निरीक्षण कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी जारी किया है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और अभिभावक वर्ग बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

## कैरो में आंगनबाड़ी सेविका का चयन



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कैरो मुस्लिम टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को सेविका चयन को लेकर मुखिया बीरेंद्र महली की अध्यक्षता में महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोनिया मंजुल ठाकुर और पर्यवेक्षिका निशु महतो की उपस्थिति में एक बैठक की गयी। बैठक में सर्वसमिति से सेविका के रूप में पूर्व में कार्यरत सेविका स्व नसीमा खातून जिसका विगत 22 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था उनकी बहू रुबीना खातून का चयन किया गया। मौके पर महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा सेविका चयन प्रक्रिया और सेविका के कार्य तथा दायित्वों के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ कहा कि पूर्व में कार्यरत सेविका जिसका असमय देहांत हो गया उनके जगह में प्राथमिकता के आधार पर उनके परिवार से ही योग्य सदस्य का चयन किया जाना है इसलिये उनकी बहु का चयन सभी ने सर्वसमिति से किये है। मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा कि सेविका को जो भी जिम्मेवारी दी वे परिवार के जिम्मेवारी के साथ-साथ अच्छे ढंग से सेविका का भी कार्य और दायित्वों को निभाये। मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, वार्ड सदस्य सागर कुमार सोनी, एएनएम राजमणि कुमारी, मनान खान, सेविका अखतरुन खातून, खुर्शीदा खातून, मंजु लकड़ा, कोयल उरांव, सईदा खातून,सहायिका रौशन खातून, तम्मना खातून,रूबी खातून, माहिरा खातून, रूही खातून, जेबा खातून, नेहा खातून, निखत प्रवीण, जमीला खातून आदि उपस्थित थे।

## आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक



भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी अध्यक्षता में आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर बीडीओ ने सहायकों की समीक्षा बैठक में कहा कि योजना के पहले किशत की राशि लेकर गृह निर्माण कार्य आरंभ कर देने वाले लाभार्थियों को हीं द्वितीय किशत की राशि देने की अनुशंसा करें। इसी तरह द्वितीय एवं तृतीय किशत की राशि के भुगतान के लिए भी विभागीय नियम का पालन करे। कुछ एक आवास सहायक बगैर स्थल जांच के लिए भुगतान की अनुशंसा कर रहे हैं, यह बड़ी लापरवाही है। इस तरह के कृत्य करने पर आवास सहायक के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। बीडीओ ने राशि लेकर गृह निर्माण कार्य आरंभ नहीं करने वाले लाभार्थियों की सूची एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश भी जारी किया है। बैठक में पंचायत वार आवास की अद्धतन स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके आवास कॉर्डिनेटर नितलेन्द्र कुमार, बीपीओ अभिषेक किशोर, मनीष अग्रवाल, पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार , प्रभारी कृषि पदाधिकारी नव प्रभात कुजूर, मुखिया इंद्रदेव उरांव, सुमित उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव, पंचायत सचिव महिपाल भगत, आशीष कुजूर, अलोक लकड़ा, अजय भगत आदि मौजूद थे।

# भैरव सिंह की गिरफ्तारी पर जनाक्रोश, जय श्रीराम समिति ने दी राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में लोहरदगा की सड़कों पर भैरव सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में उग्र विरोध दर्ज किया गया। समिति के सदस्यों ने इसे लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कार्रवाई बताया और कहा कि झारखंड सरकार राजनीतिक प्रतिशोध में अंधी हो चुकी है। समिति का कहना है कि भैरव सिंह को एक झूठे केस में फंसाकर गिरफ्तार किया गया, जबकि उनकी कहीं कोई उपस्थिति नहीं थी। सवाल उठाया गया कि क्या राज्य सरकार को भैरव सिंह की लोकप्रियता से भय लगने लगा है? क्या ये गिरफ्तारी हिंदू समाज के हक में आवाज उठाने की सजा है? बताया गया कि भैरव सिंह एक लव जिहाद के मामले में, जहां एक नाबालिग बच्ची का अपहरण हुआ था, पीड़ित परिवार के बुलावे पर पंडरा थाना पहुंचे थे। आरोपी टूटुल शेख, पश्चिम बंगाल का निवासी है। लेकिन भैरव सिंह को वहां से एक पुराने, झूठे मामले का बहाना बनाकर गिरफ्तार कर लिया गया। समिति ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राज्य सरकार और रांची प्रशासन के इशारे पर की गयी है। यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो हिंदू समाज के हितों की बात करते हैं, लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण और जमीन कब्जे के खिलाफ आवाज उठाते हैं। लोहरदगा में दर्ज विरोध के दौरान जय श्रीराम समिति ने बिना शर्त रिहाई की मांग करते हुए स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही भैरव सिंह को रिहा नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जायेगा। कहा गया कि सरकार की तुष्टिकरण नीति अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर ओम महतो जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू,कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव, दया सिंह, जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू, कुडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, अवधेश मिश्रा, आनंद यादव, बादल नाथ शाहदेव, नीरज कुमार, रामवृक्ष महतो, अजय साहू, कृष्णा मोदी,उदय महतो, गणेश साहू, दीपक शर्मा और अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एक भूमि विवाद औसतन चार आपराधिक मामलों को जन्म देता है : राजेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं ग्राम नियोजन केंद्र, लोहरदगा के संयुक्त तत्वाधान में भूमि साक्षरता विषय पर 22 जुलाई को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित डालसा सभा कक्ष में की गयी। जिसमें उपस्थित पीएलवी से जिले में प्रतिदिन भूमि एवं उससे संबंधित उत्पन्न विवाद के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस बात को रेखांकित किया कि भूमि विवाद औसतन 4 आपराधिक मामले को जन्म देती है। अतः भूमि साक्षरता के अंतर्गत पीएलवी इस बात की जानकारी अवश्य रखें कि भूमि हस्तांतरण विधिक तरीके से कैसे की जाती है, खरीद बिक्री के क्या पैमाने है, अंचल कार्यालय का नामांतरण में क्या भूमिका होती है आदि। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन लैंडेसा कि शिप्रा देव और डालसा सचिव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम नियोजन केंद्र के इस्तियाक अहमद ने लिखित प्रश्नावली देकर प्रतिभागियों से जमीन से संबंधित उनकी समझ को लेकर जानकारी हासिल की। जिसके बाद भूमि से संबंधित किन विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाना है इस बात को जाना। वहीं लैन्डेसा की शिप्रा देव ने इस बात को बतलाया कि झारखंड में भूमि विवाद के कारण अनेकों हत्याएं होती रहती है। डायन बिसाही के आरोप लगाकर एकल महिला से उनकी भूमि छिन ली जाती है। महिलाओं को भी जमीन के विभिन्न कागजातों से रूबरू होना आवश्यक है। मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ नारायण साहू, पम्मी कुमारी कार्यालय सहायक जीकेएन, निमहंति मिंज, हफीजुल अंसारी, गौतम लेनिन, रवि कुमार, दुखिंता मिंज, रोहित कुमार, बबलू कुमार सिंह, विशाल सोनी, शीत महतो, धनेश्वर साहू, जितनारायण शाही, सुरेश प्रसाद, सुनेश्वर उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चंदवा सीएचसी में सुविधा बहाल करने की मांग, सौंपा ज्ञापन




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में आम जनता एवं मरीजों के सुविधा के मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा मिलकर उपायुक्त लातेहार के नाम एक ज्ञापन सौपा ज्ञापन सोपने के बाद किसान नेता प्रमोद साहू ने कहां की चंदवा हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें अन्यत्र भटकना पड़ता है अगर अल्ट्रासाउंड लग जाता है तो बीमारी का पता चल जायेगा। जिससे मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों को भी इलाज करने में आसानी होगी। वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान में सात केवीए का जनरेटर लगा हुआ है जिससे पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा नहीं मिल पाता है। इसलिए 30 केवीए का जनरेटर लगायी जाये ताकि सही तरीके से ऊर्जा मिल पाये तथा हॉस्पिटल ग्राउंड में मरीज के परिजनो के लिए सेड का निर्माण भी अति आवश्यक है। इस सेड का निर्माण होने से मरीज के परिजनों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने इस पर उचित पहल करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौपने वालों में मोहम्मद अलाउद्दीन पप्पू रिझुस, एक्का पचचू बैठा, राजेंद्र तुरी, सुरेश बस्पति मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 167 लोगों ने करायी जांच




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पीवीयूएनएल) के द्वारा सामुदायिक विकास के तहत ग्राम रामपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। बताते चलें कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना, पीवीयूएनएल के सीडी बैनर तले ग्राम रामपुर दुर्गा मंडप के पास चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त चिकित्सा शिविर में ग्राम रामपुर के अलावा ग्राम एटे, बारी, बनहरदी और अन्य आस-पास के गांवों के लगभग 167 ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं डॉक्टर के परामर्श के अनुसार निःशुल्क दवाएं भी प्राप्त की गयी तथा निशुल्क ही पैथोलॉजी जांच भी करायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जनकल्याणकारी कार्यक्रम की सराहना की। यह शिविर आसपास के समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति पीवीयूएनएल, बनहरदी परियोजना की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में बनहरदी परियोजना के एम चंद्रशेगर, अपर महा प्रबंधक (खनन) आरबी सिंह, अपर महा प्रबंधक (सिविल, भू अर्जन, पुनर्वास), भालेंदु दबे, उप महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) विनेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर) डॉ चंदन सिंह, डॉ मनीष देवदत्त एक्का (चिकित्सा अधिकारी) अबीर लाल नाथ, शुभंकर मंडल कार्यपालक (आर एंड आर) उपस्थित रहे।

## कृषि पदाधिकारी ने श्री विधि से की धान रोपनी



**कुडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कुडू स्थित कृषक पाठशाला फार्म में एक प्रेरणादायी कृषि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो ने ग्रामीण महिलाओं के साथ खेतों में जाकर श्री विधि से धान की रोपनी की और किसानों को इस उन्नत तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बीटीएम सुनीता टोप्पो ने किसानों को बीज उपचार की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि यह क्षेत्र मेहनती किसानों से भरा है, यदि तकनीक के साथ खेती की जाए तो किसान न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि क्षेत्रीय कृषि उत्पादन में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित एटीएम आभा प्रियंका कच्छप तथा प्रोग्राम मैनेजर रजीव कुमार ने भी श्री विधि से होने वाले उच्च उत्पादन, कम पानी की आवश्यकता और खर्च में कमी जैसे लाभों पर प्रकाश डाला। मौके पर निखिल कुमार (अन्य कर्मी), आरती (मार्केटिंग अफसर), बिरसा विलेज सीओ रंजन राम, कंप्यूटर ऑपरेटर, कृषक मित्र संजय गोप, सोमनाथ भगत, जीवन खाखा, मानकिशोर राम सहित दर्जनों किसान एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत कृषि विधियों को प्रोत्साहित करना एवं किसानों को प्रशिक्षित कर खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना था। ग्रामीणों ने कृषि विभाग की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रायोगिक व प्रशिक्षण आधारित कार्यक्रमों की अपेक्षा की।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का नया सत्र शुरू जिप सदस्य को नहीं मिला आमंत्रण, जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जिला परिषद सदस्य को नहीं मिला निमंत्रण**

विद्यालय के नए सत्र के उद्घाटन कार्यक्रम में जहां स्थानीय विधायक जिला परिषद के अध्यक्ष समेत स्थानीय मुखिया शामिल हुए वही क्षेत्र में सक्रिय रहने वाली जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर आमंत्रण नहीं मिलने के कारण शामिल नहीं हुई। संतोषी शेखर ने बताया की आमंत्रित करना और नहीं करना कल्याण विभाग की जबाबदेही है और शायद उनकी नजरो में इस कार्यक्रम में शामिल होने के काबिल मै नहीं होंगी तभी ऐसा हुआ और यह पहली बार नहीं परिसर के उद्घाटन समारोह के दौरान मुझे आमंत्रित नहीं किया गया था और इस लिहाज से बिना आमंत्रित शामिल होना बेहतर नहीं था। उधर पूरे मामले को लेकर एकलव्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने बताया कि पूरे कार्यक्रम की विधि व्यवस्था जिला कल्याण विभाग के माध्यम से थी इन सब में हमारी कोई सहभागिता नहीं है।

**बरवाडीह।** बरवाडीह जनजातीय कल्याण मंत्रालय और अजजा, अजा अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित मंगरा में नवनिर्मित एकलव्य आदर्श विद्यालय के पहले सत्र में पठन-पाठन की विधिवत शुरूआत मंगलवार से की गयी। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के साथ जिला परिषद की अध्यक्ष पूनम देवी आइटीडीए निर्देशक बीडीओ रेशमा रेखा मिंज के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान कल्याण विभाग के माध्यम विद्यालय में नामांकित कक्षा 6, 7और 8 के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग और ड्रेस का वितरण अतिथियों के हाथों किया गया। विद्यालय की विधिवत शुरूआत को लेकर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि भारत सरकार और झारखंड सरकार के संचालित हो रहे कल्याण एकलव्य विद्यालय के जरिये बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर बेहतर शिक्षा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य कमलेश कुमार के साथ बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## 24 को मानसमणि दीप सेवा संस्थान कांवर जल यात्रा का करेगी आयोजन

**गारु (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 जुलाई को भव्य अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मानस मणि दीप सेवा संस्थान, सरना धाम बारेसाढ़, महुआडांड़ हिन्दू महासभा, बजरंग दल एवं गारू के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस जल यात्रा में हजारों की संख्या में बाबा भोलेनाथ के श्रद्धालु कांवर लेकर शामिल होंगे। यह यात्रा महुआडांड़ के बूढ़ा घाघ से प्रारंभ होकर 51 किलोमीटर की पदयात्रा के बाद गारू प्रखंड के ग्राम सरना धाम पहुंचेगी। वहां स्थित शिवलिंग पर श्रद्धालु जलार्पण करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आयोजक संस्थाएं जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई हैं। सुरक्षा, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी प्रशासनिक स्तर पर सहयोग की उम्मीद जतायी जा रही है।

# 'पलाश-बहुभाषी शिक्षा' जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के तहत झारखंड में प्रारंभ किये गये पलाश-बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत 6 दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 से 22 जुलाई 2025 तक डायट चिरी, लोहरदगा में किया गया, जो मंगलवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीएसइ सह डीइओ अभिजीत कुमार, एपीओ एम्लेन सुरिन तथा डायट प्राचार्य प्रभारी एवं फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की टीम द्वारा तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पलाश एमएलइ कार्यक्रम अंतर्गत नवविकसित पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षक संदर्शिका पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करना एवं कक्षा शिक्षण में बहुभाषी दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से लागू करना था। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को मुख्य दक्षताओं पर आधारित गतिविधियां, मौखिक गणित बातचीत, डिकोडिंग एवं लेखन कौशल, पठन क्षमता विकास, खेल आधारित गणित शिक्षण, साप्ताहिक योजना निर्माण, मूल्यांकन एवं ट्रैकर पद्धति सहित विविध शैक्षणिक पहलुओं पर सत्र आयोजित किये गये।

शिक्षकों ने समूह कार्य के माध्यम से पाठ योजना तैयार की, उसका प्रस्तुतिकरण दिया तथा शिक्षक संदर्शिका के अनुरूप सुधारात्मक सुझावों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर सभी 50 चिंहित विद्यालयों को पाठ्यपुस्तक एवं शिक्षक संदर्शिका का वितरण भी किया गया। डीइओ अभिजीत कुमार ने मातृभाषा आधारित शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षकों से कक्षाओं में बहुभाषी शिक्षा को प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों की मातृभाषा में शिक्षा से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल प्रांगण में खेलो झारखंड के तहत मंगलवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित खेल प्रतियोगिता 14 वर्ष,17 वर्ष व 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच 100 मीटर, दो सौ मीटर,चार सौ मीटर, आठ सौ मीटर,तीन हजार मीटर दौड़ के अलावे लंबी कूद ऊंची कूद, गोला फेंक, भला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का प्रतिस्पर्धा कराया गया। वही बालिका वर्ग का तीन हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंकिता कुमारी प्रथम और सुजीता कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की है तथा बालिका वर्ग में अंजनी कुमारी, राधिका कुमारी, सोनम कुमारी, पूनम कुमारी, अमृता कुमारी, दिया कुमारी, रोशनी कुमारी, अमृता उरांव और बालक वर्ग में अभिषेक लहेरी, सुभाष कुजूर,प्रेम उरांव, पवन साहु, पंकज साहु, शाहजहां अंसारी, प्रिंस राम,तुलसी राम सहित अन्य छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर अनिल उरांव, कंचन टोप्पो,सुरेश बाड़ा, संगीता कुमारी समेत अन्य शिक्ष शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की कक्षा एकादश कला संकाय के विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका शीर्षक 'राजनीति में धार्मिक मान्यताओं को शामिल करना लोकतंत्र के लिए खतरा है' था। सभागार में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने उपर्युक्त विषय पर अपने-अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा पक्ष में दिए गए तर्क राजनीति में धार्मिक मान्यताओं को शामिल करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। समाज धर्म और देश भिन्न विचार-धारा है। न्याय और सार्वजनिक हित को लोकतंत्र पुष्ट करती है। धर्म को प्राथमिता देने से, वे देश को उसकी रुढ़िवादी परंपराओं की ओर ले जाएगी, यह देश की विडंबना है। धर्मनिरपेक्ष राज्य का विकास धार्मिक देशों से कहीं अधिक हुआ है। विश्वपटल पर इसका उदाहरण स्पष्ट रुप से देखा जा सकता है। समय-समय पर राष्ट्रहित में लोकतंत्र और धर्म का समायोजन न्याय संगत है। छात्रों द्वारा विपक्ष में दिए गए तर्क आय के स्त्रोत, परिवार और समाज से उपर उठकर लोग धर्म को तवज्जों देते हैं। बिना धार्मिक आस्था के नागरिकों का जीवन अपूर्ण रहता है। प्रत्येक दैनिक कार्यों में अपने धर्मों को जोड़कर देखना उनके व्यवहार में सम्मिलित है। धार्मिक या आध्यात्मिक विचारधारा के विरुद्ध कार्य की अपूर्णता महसूस की जाती है। धर्म को लोकतंत्र का अभिन्न अंग माना जाना चाहिए है। धार्मिक आस्था के अभाव में लोकतंत्र की महत्ता शून्य है। लोकतंत्र और धर्म का संयोजन कार्य को पूर्ण व सफल बनाती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मचिन्तन एवं तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। देश को राजनीति से उपर रखा जाना आवश्यक है किन्तु धर्म को राजनीति से जोड़े जाने के कारण लोकतंत्र में खतरा उत्पन्न हो सकता है। धार्मिक अभिरुचि से लोकतंत्र के प्रति हृदय में भी उत्साह का संचार होता है। उन्होंने समस्त छात्रों को प्रत्येक विषय पर ऐसे ही आयोजन की सलाह दी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में शिक्षक गौरव कुमार व सचिन संथालिया ने भूमिका अदा की। प्रतियोगिता परिणाम में अभिलाषा कुमारी प्रथम, क्रीति कुमारी द्वितीय एवं अंशिका कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। मंच संचालन द्वादश की छात्रा प्रतीक्षा प्रभात ने किया। इस मौके पर प्राचार्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर सपा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता कमलेश कुमार यादव ने बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अगले पांच दिनों में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे हरिहरगंज में एनएच 139 पर किसानों और उपभोक्ताओं के साथ ट्रैक्टर, हल बैल और कुदाल लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इसकी सारी जवाबदेही विभागीय अधिकारियों की होगी। कमलेश कुमार यादव ने कहा कि हरिहरगंज में बिजली की लचर व्यवस्था से किसान और तमाम उपभोक्ता परेशान हैं। नियमित बिजली आपूर्ति नहीं रहने से बिजली आधारित कारोबार प्रभावित हो रहा और इस मानसूनी मौसम में खेती कार्य भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से 20 से 22 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय से कंप्यूटर, चार बैटरी चोरी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा थाना अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय गहोरा से सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस बाबत प्रधानाध्यापक सुरेंद्र राम ने कहा कि सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय में रखा एक कंप्यूटर और चार बड़ी बैटरी चोरी कर ली। बताया कि मंगलवार को विद्यालय समय पर जब आया तो रूम का ताला टूटा देखा। रूम के अंदर से कंप्यूटर और बैटरी गायब थे। आसपास खोज की पर कोई सुराग नहीं मिला। थक हार कर पीपरा थाना में चोरी की जानकारी दी। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पर प्रधानाध्यापक ने लिखित नहीं दिया है।

## सीएस ने किया विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने मंगलवार को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर की साफ सफाई बेहतर मिली। सीएस ने दवा केंद्र का भी जायजा लिया। सभी तरह की दवा सलीके से रखा हुआ मिला। किसी भी दवा का एक्सपायरी होने का प्रमाण नहीं मिला। एक्स-रे रूम में मशीन भी सही से कार्य कर रहा था। इसके अलावा सीएस अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थिति पंजी सहित कई अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर डॉ लिली एस्टेला पूर्ति, डॉ एमएम प्रसाद, बैम मृगेंद्र कुमार, बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, मिथिलेश दुबे सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## ट्रैफिक जवानों को लायंस क्लब ने बांटे 130 छाते




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर की यातायात व्यवस्था को हर मौसम में चुस्त-दुरुस्त रखने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज ने मंगलवार को सम्मानित किया। क्लब की ओर से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात 130 ट्रैफिक जवानों को छाते वितरित किए गए। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए क्लब के अध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहा कि धूप बारिश या सर्दी हर परिस्थिति में खड़े होकर सेवा देने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मी समाज के सच्चे रक्षक हैं। यह छोटा-सा प्रयास उनके प्रति कृतज्ञता जताने की कोशिश है। सदस्य संजय पाठक ने कहा कि ट्रैफिक ड्यूटी सबसे चुनौतीपूर्ण होती है और यह सहयोग उनका मनोबल बढ़ाएगा। मौके पर सचिव प्रभात अग्रवाल, सह सचिव राकेश पांडेय, लायन समीर खन्ना, नवीन गुप्ता, आलोक माथुर, रितेश कुमार, ध्रुव अग्रवाल, अमित आनंद आदि मौजूद रहे।

### हुसैनाबाद में वाहन जांच के दौरान पुलिस को मिली सफलता

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**देशी कट्टा और कारतूस बरामद, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हैदरनगर मुख्य सड़क के उतर कोयल नहर के समीप वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो संधिग्ध युवको को पकड़ा। उनके पास से एक 12 बोर का देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उनकी पहचान सुमेर कुमार और रविकांत कुमार के रूप में हुई है। दोनों बिहार के औरंगाबाद जिले के माली थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव के रहने वाले हैं। हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर दैनिक रूप से वाहन जांच ड्यूटी हुसैनाबाद से हैदरनगर की ओर जाने वाली सड़क पर नहर के पास लगाया गया था। सोमवार की शाम 5.30 बजे हुसैनाबाद के हैदरनगर जाने के लिए एक बाइक पर दो सवार दो युवक पहुंचे। हालांकि वाहन जांच करते देखकर तेज गति सेबाइक भगाने का प्रयास करने लगे। पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों ने बाइक का पीछा कर दोनों को धर दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गये काले रंग की बाइक पर सवार दोनों संधिग्धों को पकड़कर उनकी जांच की गयी। बाइक सुमेर कुमार चला रहा था, जबकि पीछे रविकांत कुमार बैठा था। इनके पास से देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, बाइक और दो स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। जिसे विधिवत जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया। इस वाहन जांच में सहायक अवर निरीक्षक कालिका राम, आरक्षी विकास राम, रमेश कुमार नट, सहायक आरक्षी में उदय कुमार, अमरेश कुमार पासवान, रविंद्र सिंह और सुरेंद्र पाल आदि शामिल थे।



संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी देते थाना प्रभारी एवं अन्य।

## शौचालय योजना में वंचितों को जोड़ने पर जोर

- जल स्रोतों की जांच एवं अपशिष्ट प्रबंधन का निर्देश
- सभी जल सहिया ने मानदेय भुगतान को लेकर सौंपी उपस्थिति रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर ।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की बैठक हैदरनगर प्रखंड सभागार में मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने की। इसमें जल एवं स्वच्छता मिशन की प्रगति की समीक्षा के बाद आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने सभी जलसहिया को अपने क्षेत्रों में अब तक शौचालय योजना के लाभ से वंचित परिवारों को चिन्हित कर उन्हें ऑनलाइन आवेदन कराने को प्रेरित किया। बैठक में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर भी चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि गांवों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिये कचरा संग्रहण और निस्तारण की स्थानीय व्यवस्था को कारगर बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही सभी जलसहिया को जल स्रोतों की नियमित जांच कर लोगों को शुद्ध पेयजल की गारंटी देने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाये। इस बैठक में उपस्थित जलसहियों में उत्साह इस बात को लेकर देखा गया कि उनके विगत नौ माह से लंबित मानदेय के भुगतान कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर आधारित इन अभियानों की सफलता केवल तभी संभव है जब ग्राम स्तर पर ईमानदारी और सक्रियता के साथ कार्य किया जाए। इसमें जलसहिया ही इस बदलाव की अहम कड़ी हैं और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वहीं, जलसहिया आरती देवी ने बताया कि अक्टूबर 2024 से जून 2025 तक की उपस्थिति रिपोर्ट लंबित मानदेय के भुगतान कराने को लेकर विभाग को सौंप दी गई है। जो मानदेय भुगतान की प्रक्रिया में विशेष दस्तावेज माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जलसहिया अपनी जिम्मेदारियों के प्रति न केवल सजग हैं, बल्कि नियमित रुप से कार्यरत भी रही हैं। बैठक में जल सहिया रिंकी देवी, सीमा विश्वकर्मा, रीता देवी, गायत्री देवी, सबाना परवीन, सुनैना, निर्मला देवी सहित अन्य कई शामिल हैं। उन्होंने भाग लिया। उन्होंने अपने - अपने क्षेत्रों में आ रही अन्य समस्याओं को बैठक में रखा और समुदाय को स्वच्छता व जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के प्रति संकल्प को दोहराया।

## आपत्ति के बाद हुसैनाबाद के महुअरि पैक्स का चुनाव स्थगित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शबानो- महुअरी पैक्स चुनाव को लेकर महुअरी पंचायत के ग्राम झरहा पैक्स भवन में पूर्व में किए गए मतदाता सूची को प्रकाशित किया गया था, जिसका आपत्ति का मंगलवार को अंतिम दिन था। इसमें पैक्स के सदस्यों ने निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष अपना-अपना मंतव्य एवं आपत्ति दर्ज कराई। सदस्य लवकुश सिंह ने कहा कि मृत सदस्यों की सूची से जो नाम हटाया गया है उस पर विचार करते हुए मृतकों के परिवारों के सदस्यों को उत्तराधिकारी बनाते हुए सूची में नाम दर्ज किया जाए। वहीं सत्यनारायण सिंह ने भी आपत्ति दर्ज कराई। कहा कि पूर्व में बने 89 सदस्य गलत है। उस पर विचार करते हुए मतदाता सूची को फिर से पूर्ण निरीक्षण करते हुए एवं सुधार करते हुए चुनाव को अभी तत्काल स्थगित किया जाए। पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान ने अपनी प्रस्ताव एवं सुझाव में कहा कि किसान अभी खेत में है। चुनाव की घोषणा करने से किसानों को परेशानी होगी, क्योंकि अभी धान की रोपाई चल रही है। सभी पैक्स के सदस्य खेती में लगे हैं। अभी चुनाव करना संभव नहीं है। इसलिए चुनाव का समय अक्टूबर नवंबर में निकाला जाए। वहीं, निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जबतक मतदाता सूची में सुधार नहीं होगा, तबतक के लिए चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। मौके पर जमुना सिंह सुदर्शन सिंह, विनय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, संजय पासवान, कन्हाई पासवान, सकलदीप पासवान, प्रमोद पासवान, सुरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, अमरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विवादित आंगनबाड़ी केंद्र स्थल का बीडीओ ने किया निरीक्षण

### पोषक क्षेत्र से बाहर निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र को बताया अनुपयोगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर/पलामू।** जिले के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत में तालाब में आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाये जाने को लेकर उपजे विवाद को देखते हुए मंगलवार को बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने निरीक्षण किया। उन्होंने मुखिया शहनाज परवीन, पंसस गुलशन आरा एवं फरहाना खातून सहित अन्य प्रतिनिधियों की शिकायत पर इस पंचायत के चार स्थानों पर बंगलाटोला, उत्तर कोयल नहर से सटे खेत के अलावे हरिजन मुहल्ला और कनौदा गांव में नये आंगनबाड़ी केन्द्र स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वाधिक विवादित बंगला टोला स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र स्थल पर बच्चों की सुरक्षात्मक और स्वच्छता की दृष्टिकोण से चारदिवारी और गेट बनाने की जरुरत बताया है। जबकि उत्तर कायेल नहर से सटे खेत में पोषक क्षेत्र से बाहर निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र को अनुपयोगी बताया है। इस केंद्र तक कोई पहुंच पथ ही नहीं तो बच्चों अैर सेविका आदि का आवागमन कैसे हो पायेगा। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, पंसस प्रतिनिधि अशरफ हसन, राजू खान, वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय को बताया कि इस पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की वस्तुस्थिति से उच्चाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। साथ ही सेविका को बिना प्राकलन दिखाये बंगला टोला के भवन को हैंड ओवर किये जाने के मामले को भी गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने इससे संबधित संवेदक को प्राकलन के साथ दो दिनों के भीतर प्रखंड कार्यालय में तलब किया गया है।

## स्कूल बस की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**बेटे को छोड़ने जा रहा था स्कूल, चालक के पास न आधार, न लाइसेंस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बॉम्पास टाऊन के पास मंगलवार को अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहे एक व्यक्ति की बेकाबू स्कूल बस की चपेट में आकर मौत हो गयी। उसकी पहचान आलोक कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह वह पेशे से इंजीनियर थे। जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह 7.45 बजे सेंट जेवियर्स स्कूल की एक बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर चल रहे टोटो को घसीटते हुए, स्कूटी से अपने बेटे को छोड़ने जा रहे आलोक कुमार सिंह को रौंद दिया। हालांकि एक कार चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी गाड़ी को बस के सामने अड़ा दिया, जिससे उसकी रफ्तार रुक गई और कई अन्य बच्चों एवं अभिभावकों की जान बच गई। उधर, हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने बस चालक को पकड़ लिया।



मृतक आलोक सिंह की फाइल फोटो।

उससे आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस दिखाने को कहा, तो उसने बताया कि दोनों ही उसके पास नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बस चालक की उम्र भी काफी कम थी। उधर, आजसू के केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करें। देवघर जिले के सभी स्कूलों की गाड़ी के पेपर एवं चालक के दस्तावेजों की जांच की जाए। ऐसा नहीं करने पर आजसू आंदोलन को बाध्य होगी।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पोल संख्या 293/15अ एवं 293/17अ के बीच टिकट परिक्षक कार्यालय के समीप अप ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसकी अनुमानिक उम्र 45 वर्ष है। इसकी सूचना मधुपुर स्टेशन प्रबंधक ने आरपीएफ एवं जीआरपी थाना को दी। खबर पाते ही प्लैटफॉर्म पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर रामा शंकर प्रसाद एएसआई , एएसआई वीके पाण्डेय, कांस्टेबल पी.यादव एवं जीआरपी के सब- इंस्पेक्टर अरविंद प्रसाद सिंह, एएसआई रवि टुडू, आरक्षी दीपक कुमार सिंह, मुकेश दास और बबलू दास पहुंचे और शव को हटाया। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है।

## महिंद्रा 3 एक्सओ रेवक्स का अनावरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आनंद मोटर्स की नावाटोली महिंद्रा शोरूम में महिंद्रा ऐंड महिंद्रा की नई गाड़ी एक्सयूवी 3एक्सओ रेवक्स को लांच किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई के रीजनल मैनेजर अमीय अभिषेक, चीफ मैनेजर मैनेजर क्रेडिट राहुल स्वास्तिक, सीए सरस जैन, सीए जय शर्मा मौजूद थे। इस मौके पर आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद ने बताया कि इस गाड़ी की शुरूआती कीमत 8.94 लाख है। यह परफॉर्मेंस पैक एसयूवी है। यह गाड़ी सभी पैरामीटर पर खरी उतरती है। आनंद मोटर्स के जीएम प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि यह गाड़ी अपने प्राइस से ज्यादा फीचर्स डिलीवरी कर रही है। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, ब्लैक एलॉय व्हील्स, 6 स्पीकर एवं एड्रेनोस और अलेक्सा जैसे एडवांस्ड फीचर्स है। इस मौके पर आनंद मोटर्स के जीएम मनप्रीत सिंह, सेल्स मैनेजर निखिल कुमार, गणेश प्रसाद, आलोक राज, राजमणि विश्वकर्मा, एचआर मैनेजर श्वेता सिंह, जय वर्मा, रुबीना रूमानी, अंशु सिंह, खुशी सैनी, विवेक शर्मा, महिंद्रा फाइनेंस के एरिया बिजनेस मैनेजर भास्कर झा, चोलामंडलम फाइनेंस के एरिया बिजनेस मैनेजर अमित सिंह, प्रभाकर सिंह, रणधीर वर्मा, एचडीबी फाइनेंस से राजवीर वर्मा आदि के अलावा काफी संख्या में ग्राहक और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मौजूद थे।

## सशक्त पंचायत नेत्री अभियान को लेकर जिला स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को सशक्त पंचायत नैत्री अभियान के तहत जिला स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डीडीसी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यशाला के बाद प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होना है। इसका मुख्य उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त करना है। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व और अधिक प्रभावी एवं जागरूक बनेगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना है, ताकि पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भूमिका और अधिक प्रभावशाली हो और सुशासन को बढ़ावा देना है। कहा कि सशक्त महिला पंचायत नेतृत्व अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्वशासन में महिला नेताओं को सशक्त करना और उनके नेतृत्व को नई ऊंचाई देना है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे प्राथमिक विषयों को प्राथमिकता देकर स्थानीय शासन की गुणवत्ता और समावेशिता को बेहतर बनाना है। कहा कि स्थानीय निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना जिससे समावेशी एवं सामुदायिक विकास को बल मिले। वहीं जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणबीर सिंह ने कार्यशाला के दौरान महिला प्रतिनिधियों को शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ प्रबंधन कौशल, वितीय साक्षरता एवं निर्णय लेने की क्षमता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया। कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है। सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है। महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वासपूर्वक भाग लेने, अपने और अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न पंचायतों की महिला मुखिया आदि थीं।

## रक्तदान शिविर में डीसी ने किया रक्तदान



**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने रक्तदान कर डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसायटी एवं पंजाब एंड सिंध बैंक की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाहरणालय परिसर में किया। डीसी ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान करके न सिर्फ किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है, बल्कि इससे हमारी सेहत को भी लाभ पहुंचता है। कई लोग यह सोचकर रक्तदान नहीं करते हैं कि इससे उनकी सेहत खराब हो जायेगी, जो कि एक भ्रम है। रक्तदान महादान है। इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है। डीसी ने रक्तदान के प्रति समर्पित रक्त दाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के निःस्वार्थ सेवा भाव के कारण ही आज लोगों के रक्त की जरूरतें पूरी हो रही है। कहा कि कभी-कभी ब्लड बैंक में रक्त की अनुपलब्धता से मरीजों को काफी परेशानी होती है। इसी लिए लोग आगे आयें रक्तदान करें।

## शिवलोक परिसर में 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन कर रहे देवघर पहुंचे श्रद्धालु



**देवघर (आजाद सिपाही)।** राजकीय श्रावणी मेला को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम की नगरी में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। हर ओर बाबा बैद्यनाथ, हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारों के साथ पूरा देवघर गुंजायमान है। इसी कड़ी में श्रावणी मेला को और भव्य बनाने की दिशा में कार्य करते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में शाम को शिवलोक में प्रदर्शनी के माध्यम से भगवान शिव का इतिहास, उनकी महिमा, कथाओं का वाचन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिवलोक परिसर में प्रदर्शनी के माध्यम से गुजरात के द्वारका स्थित नागेश्वर, तमिलनाडु स्थित रामेश्वरम, महाराष्ट्र के एलोरा में स्थित घृष्णेश्वर, गुजरात स्थित सोमनाथ, आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में स्थित मल्लिकार्जुन, मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर, उत्तराखंड स्थित केदारनाथ, उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित काशी विश्वनाथ, महाराष्ट्र स्थित त्रयंबकेश्वर, मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर, महाराष्ट्र स्थित भीमाशंकर, झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर आदि का वर्णन किया गया है। शिवलोक परिसर में नटराज की प्रतीमा, चीताभूमि, नंदी बाबा की प्रतीमा, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतीमा, शिवलिंग, बाबा मंदिर और पार्वती मंदिर दिखेंगे। साथ ही महादेव के कई रूपों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा श्रावणी मेला को लेकर पूरे शिवलोक परिसर को लेजर लाईटिंग एवं इलेक्ट्रिक लाईटों-फूलों से सजाया गया है। गौरतलब है कि राजकीय श्रावणी मेला को लेकर पूरे श्रावण मास बाबा वैद्यनाथ धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि बाबा नगरी में आने वाले श्रद्धालुगण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें सकें और एक सुखद अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।

# गुमला सदर अस्पताल में एसएनसीयू हुआ खराब, अफरा-तफरी, 28 शिशु रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल के प्रथम तल्ले में संचालित एसएनसीयू (स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट) मंगलवार को आये तकनीकि खराबी के कारण इलाजरत 28 बच्चों को सदर अस्पताल गुमला के चिकित्सकों द्वारा रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार एसएनसीयू का वार्मर में इलेक्ट्रिक करंट डिवाइस काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण सभी बच्चों को रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने बर्थ बेड के कुल 14 बच्चों को रेफर कर दिया गया। अन्य बच्चों को रेफर करने की प्रक्रिया की जा रही है। इस संबंध में डॉक्टर रुद्र कुमार ने कहा कि एसएनसीयू में समय से पूर्व जन्म लिए बच्चे,लो बर्थ वेट के बच्चे होते है। जिन्हें एसएनसीयू में रखकर उनका समुचित डिवाइसों की मदद से इलाज किया जाता है। लेकिन एसएनसीयू की बिजली सप्लाई व्यवस्था खराब के कारण डिवाइस काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण रेफर किया जा रहा है। रेफर करने वालों में ऑक्सीजन, फोटोथेरिप व सेमसिस के बच्चे है। जिन्हें उक्त डिवाइस की अत्यंत आवश्यकता है। इस निमित बच्चों की रक्षा व देखभाल के लिए रेफर किया गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि बिजली सप्लाई में बाधा आने के कारण एसएनसीयू का डिवाइस काम नहीं कर रहा है। बच्चों की जान बचाने के लिए रेफर करना जरूरी था। इस निमित सभी को रेफर कर दिया गया है। वहीं इंजिनियर से बात हो गयी है। बुधवार की सुबह सदर अस्पताल गुमला पहुंचकर उसे दुरूस्त किया जायेगा। अगले आदेश तक एसएनसीयू बंद रहेगा। आगे बताया सर्किट में प्रॉब्लम होने की वजह से वार्मर काम नहीं कर रहा है। बच्चे कम दिन के हैं इस स्ट्रीमली प्रिटम स्ट्रीमली लो बर्थ बेड बच्चों को वार्मर में नहीं रखा जा सकता है। ऑक्सीजन पेप मशीन काम नहीं कर रहा है। फोटो थेरेपी नीला लाइट भी काम नहीं कर रहा है साथ ही मॉनिटरिंग डिवाइस बंद है जिसके कारण सभी बच्चों को रेफर किया गया है।




## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार भरनो में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का एक दिवसीय कार्यशाला किया गया। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हर एक किसान तक पहुंचाने के लिए फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ के स्लोगन के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। अधिसूचित जिले में से गुमला जिला को भी इस योजना का लाभ खरीफ 2025 मौसम हेतु अधिसूचित फसल अगहनी धान एवं भदई मकई का किसान अपने नजदीक के प्रज्ञा केंद्र में पहुंचकर मात्र 1 में फसल बीमा योजना में नामांकन करने के लिए बताया गया। इस योजना में किसानों का प्रीमियम का हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। अनावृष्टि, अतिवृष्टि, विपरीत मौसम के कारण फसल को अत्यधिक नुकसान होने पर यह बीमा की राशि प्रति हेक्टेयर गुमला जिला के लिए धान हेतु 64 573 तथा मकई के लिए 60126 बीमित राशि होगा। सभी कृषक मित्रों, एफपीओ के सदस्य उपस्थित सभी किसान को प्रचार प्रसार करने को कहा गया और 31 जुलाई तक सभी किसानों को नामांकन करा लेना है। कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशि शमा खलखो, जेएसएलपीएस के बीपीएम नील बोर कच्छप, बजाज एलियांज के प्रखंड समन्वय अभिषेक कुमार सिंह सहित सभी कृषक मित्र, प्रजा केंद्र संचालक, एफपीओ के सदस्य, लैंपस अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## भरनो से कांवरियों का जत्था बाबाधाम पहुंचा



**भरनो (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेला शुरू होते ही शिवभक्तों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। बाबा नगरी देवघर जाने को लेकर लोग उत्सुक हैं। सोमवार को भरनो प्रखंड से कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। इससे पहले सभी ने विष्णु मंदिर, देवी मंडप, शिव मंदिर में माथा टेककर यात्रा की शुरूआत की। जत्था सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर के लिए पैदल प्रस्थान करेगा। उसके बाद बाबा का जलाभिषेक कर वासुकीनाथ के लिए रवाना होंगे अंकित केशरी ने कहा कि साल में एक बार मिलने वाला यह अवसर सौभाग्य की बात है और सभी को भोलेनाथ का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिए। मौके पर अंकित केशरी, संभु केशरी, कन्हैया गुप्ता, शशि गुप्ता, कुलदीप मिश्रा, छोटू उराव, कली बड़ाइक थे।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में नये विद्यार्थियों का स्वागत भव्य और यादगार तरीके से किया गया। कॉलेज में एडमिशन लेने वाले इंटर एवं ग्रेजुएशन के सभी नए विद्यार्थियों को पारंपरिक तरीके से नाचते हुए परघाकर और चंदन टीका लगाकर कॉलेज के हॉल तक लाया गया। भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने भक्तिपूर्वक प्रेयर डांस द्वारा माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विद्यार्थी अनुज लकड़ा द्वारा स्वागत भाषण के साथ उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य फा.अगस्तुस एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी अब इस कॉलेज परिवार के सदस्य हो गये हैं। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज को कैसे सजाना और सिंगारना है, इसमें आपकी भी बड़ी जिम्मेदारी होगी। इस मौके पर इंटर के सभी तेरह टॉप टेन विद्यार्थियों को बोर्ड एग्जाम में सफल होने के लिए पूरे कॉलेज परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभाकामनाएं दी गईं। टॉप टेन विद्यार्थियों की ओर से राजेश भगत ने अपने संबोधन में कहा कि रोज दिन अध्ययन करने और प्रतिदिन कॉलेज आने से ही सभी कॉन्सेप्ट अच्छे से समझा जा सकता है। इसके बाद सभी विभागों के छात्रों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबों के मन को मोह लिया। कार्यक्रम में संबलपुरी और नागपुरी रीमिक्स नृत्य मुख्य आकर्षक के केंद्र थे। नये विद्यार्थियों के लिए क्वेश्चन आंसर, रैम्प वॉक, डांस, गीत जैसे कई गेम का आयोजन किया गया। इसमें सफल हुए विद्यार्थियों का चयन करते हुए नीरज नगेसिया को मिस्टर फ्रेशर और अमूल्य केरकेट्टा को मिस फ्रेशर चुना गया। इस धमाकेदार कार्यक्रम का संचालन खुशबू रूपाली टोप्पो, करीना बेबी कुमारी, उज्जी उरांव, अनुज लकड़ा द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक गण, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

## आठ अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाने का फैसला



**सिसई (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रधान कार्यालय सिसई में मंगलवार की दोपहर को प्रेस कांफ्रेंस किया गया। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष सिसई में 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया था। वहीं इस वर्ष भी आगामी 8 अगस्त 2025 को पुराने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई परिसर में भव्य तरीके से शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। शहादत दिवस कार्यक्रम में गुमला जिला के सभी चिन्हितीकरण झारखंड आंदोलनकारियों की उपस्थिति रहेगी। इस मौके पर मनोज वर्मा, जुबेर अंसारी, जोसेफ आभाष मिंज, महमूद आलम, सुधेश्वरी साहु,अमर कुमार साहु उपस्थित थे।

## विशुनपुर में विशेष शिविर का आयोजन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को आदिम जनजाति बहुल गुरदरी पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी की अध्यक्षता में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से स्कूटीभ मजिस्ट्रेट गुमला सुशील खाखा उपस्थित रहें शिविर में विशेष रूप से गुरदरी, अमतीपानी, नरमा, चिरोड़ीह, आदि पंचायत के ग्रामीणों ने सिविर में पहुंचकर जन्म प्रमाण पत्र, आधार पंजीकरण, आधार अपडेट, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के लिए आवेदन दिया। जिसमें प्रथम दिन 200 जन्म प्रमाण पत्र 20 आधार कार्ड पंजीकरण के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। साथी ही जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार अपडेट से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। बीडीओ ने बताया कि गुमला उपायुक्त के दिशा निर्देश पर गुरदरी पंचायत सचिवालय में चार दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को आसानी से जन्म प्रमाण पत्र आधार पंजीकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। इस मौके पर एसडीओ कार्यालय गुमला प्रखंड कार्यालय बिशुनपुर के विभिन्न विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## जर्जर विद्यालय भवन में पढ़ने को बच्चे मजबूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** शिक्षा में सुधार के लिए झारखंड सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। लेकिन स्कूलों के जर्जर भवनों की मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में जारी प्रखंड स्थित राजकीय नव सृजित प्राथमिक विद्यालय बनझर के बच्चे जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को विवश हैं।स्कूलों के जर्जर भवन को देख अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते हैं। इसका असर स्कूलों में होनेवाले नामांकन पर भी पड़ रहा है। कभी इस स्कूल में सैकड़ो बच्चे पढ़ाई करते थे. लेकिन अब यहां मात्र 50 से 60 बच्चे पढ़ रहे हैं। विद्यालय का भवन 15 साल से अधिक पुराना है। स्कूल की दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ गयी हैं। दीवारों का प्लास्टर उखड़ रहा है। वषार्काल में दीवारों में सीलन हो जाता है। जर्जर भवन के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका लगी रहती है। विद्यालय के शिक्षक पुष्पा परास ने बताया कि भवन बहुत पुराना हो गया है। जो की बारिश होने पर कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। दीवारों के प्लास्टर हाथ लगाने भर से उखड़ रहे हैं। वर्षा के दिनों में सीलन के कारण कमरों में नमी और उमस महसूस किया जा सकता है।और छत से पानी टपकता रहता है। वही गांव के छोटे गरीब परिवार के बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ने को विवश हैं। आगे जानकारी देते हुए शिक्षिका ने बताया कि स्कूल भवन बनाने की कई बार मांग कर चुके हैं। परंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बच्चों के साथ शिक्षक भी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं।

## काम देने के बहाने युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र की युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर पीड़िता ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद थानेदार ने तत्वरित पहल कर आरोपी हाफू कामडारा निवासी मंजीत बड़ाईक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पीड़िता का मेडिकल पुलिस द्वारा कराया गया है। थानेदार महेंद्र करमाली ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जुलाई को पीड़िता किसी काम से रांची गई थी। देर शाम छह बजे वापस लौटी थी। ललित उरांव बस पड़ाव में एक महिला से पीड़िता काम के संबंध में बात कर रही थी। तभी अचानक हाफू कामडारा निवासी मंजीत बड़ाईक वहां पहुंचा और अपने को राजमिस्त्री बताकर उसे 350 रुपए प्रतिदिन में काम करने का झांसा दिया। उसके बाद मंजीत ने कहा कि इतना रात हो गया है तुम मेरे साथ चलो मेरे घर में रह जाना और कल सुबह में काम में लग जाना। डरने की जरुरत नहीं है अगल बगल बहुत सारे परिवार के लोग रहते है। जिसके बाद मंजीत पीड़िता को मोपेड़ में बैठाकर पोढ़ाटोली स्थित अपने किराये के मकान में ले गया। जहां उसके साथ जबरजस्ती दुष्कर्म किया।

## सॉलिटेयर एजुकेशनल अकादमी में सावन महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल अकादमी मकरा घाघरा में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की सचिव अंकिता श्री एवं प्राचार्य चंद्रकांत पाठक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। छोटे बच्चों ने जहां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, छाता सज्जा एवं मटका डेकोरेशन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर समां बांधा, वहीं बड़े बच्चों द्वारा प्रस्तुत रैम्प वॉक ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी प्रतिभा की सराहना की गयी। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव अंकिता श्री ने कहा आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक समझ का विकास होता है। विद्यालय का प्रयास है कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा दिया जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से चंद्रकांत पाठक, अंकिताश्री, विवेक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



## विजय सिंह ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के झारखंड प्रभारी बने

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट (एआईपीएफ) के झारखंड प्रभारी बनाए जाने पर झारखंड नवनिर्माण और ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के नेताओं ने बधाई दी है। विदित हो कि ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस आर दारापुरी ने पत्र जारी कर झारखंड नवनिर्माण दल के जुझारू नेता विजय सिंह को फ्रंट का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की राष्ट्रीय समिति को बधाई देते हुए कहा है कि झारखंड में बहुत ही तेजी के साथ पार्टी का विस्तार होगा।

## गुमला में 115 युवा क्लबों को 25-25 हजार की सहायता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें खेल तथा पर्यटन जैसे रचनात्मक क्षेत्रों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला खेल एवं पर्यटन विभाग द्वारा सिद्दो-कान्हू युवा खेल क्लब योजना के तहत चयनित क्लबों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। साथ ही, पर्यटन विभाग द्वारा पंजिकृत स्थानीय फोटोग्राफरों और पर्यटक गाइड को औपचारिक रूप से प्रमाण-पत्र भी सौंपे गये। सिद्दो-कान्हू युवा खेल क्लब योजना के अंतर्गत जिले के कुल 115 क्लबों को 25-25 हजार की राशि उपलब्ध करायी जा रही है। इस राशि का उपयोग स्थानीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने, आवश्यक खेल सामग्री की खरीद और प्रशिक्षण गतिविधियों में किया जायेगा। इस क्रम में आज आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंजन, बसुवा और कर्मटोली गांवों के प्रतिनिधियों को प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो द्वारा की गयी, जिन्होंने युवाओं को इस राशि का समुचित उपयोग करने और खेल भावना को बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस योजना के माध्यम से युवाओं को संगठित रूप में खेलों से जोड़ा जायेगा।




## शराब दुकान से 61 हजार नगद समेत 42 पेटी शराब की चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट अंतर्गत बिलिंगबीरा रोड स्थित अनुज्ञप्ति प्रदत्त कंपोजिट शराब की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा सोमवार की रात्रि भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। अज्ञात चोरों ने अनुज्ञप्ति प्रदत्त कम्पोजिट शराब की दुकान से लॉकर में रखे नगदी 61 हजार 570 रुपया सहित विभिन्न ब्रांडों के लगभग 40 से 42 पेटी शराब की चोरी कर चंपत हो गये हैं। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने सोमवार की रात्रि शराब दुकान में गाड़ी लगाकर लॉकर में रखे नगदी और शराब की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये हैं। घटना की जानकारी लोगों को मंगलवार सुबह को तब हुई। जब शराब की दुकान के बाहर शराब की चार-पांच बोतलें पड़ा हुआ था। तब लोगों ने इसकी जानकारी शराब दुकान के संचालक राजेश कुमार केशरी, ऋषभ राज को दिया। जानकारी मिलने के बाद राजेश कुमार केशरी और ऋषभ राज दुकान पहुंचे। तो देखा की दुकान के बाहर और शटर तथा गोदाम का ताला टूटा हुआ है और दुकान में रखे लॉकर से नगदी और विभिन्न ब्रांडों के शराब एवं गोदाम में रखा शराब की 40 से 42 पेटियां गायब है। इसके बाद संचाल राजेश कुमार केशरी व ऋषभ राज ने पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसैंधी को घटना की सूचना दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल कुमार दसैंधी पुलिस बालों के साथ घटनास्थल पहुंचे और चोरी के मामले की जांच-पड़ताल आरंभ कर दिया। इस संबंध में शराब दुकान के संचालक राजेश कुमार केशरी ने पालकोट थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पालकोट पुलिस ने संघन रुप से अनुसंधान आरंभ कर दिया है।

## गुमला में वज्रपात से दो की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में प्रतिदिन आसमानी बिजली का कहर देखने को मिल रहा है। लोगों की मौत भी हो रही है। ताजा मामला मंगलवार की शाम का है जहां बसुआ और बधिमा गांव में बज्रपात से एक महिला और एक ही युवक की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक बसुआ गांव निवासी 37 वर्षीय मुस्तरी खातून खेत से धान रोप कर घर लौट रही थी इसी बीच बारिश होने लगी वह जल्दी-जल्दी अपने घर की ओर आने लगी। तभी बिजली चमकी और वज्रपात हुआ। जिससे महिला खेत पर ही गिर गयी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**आदेश**

NH-75 पथ कुडू से उदयपुरा तक पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवश्यक दस्तावेज यथा खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद (Online Rasid) आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, इण्डमिनिटी बॉण्ड पेपर, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, दो रंगीन फोटो प्राप्त करने एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन किया जाता है।

शिविर की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0सं0 | शिविर की तिथि | अंचल का नाम | समय | शिविर का स्थल | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.07.2025 | कुडू | 11:00 बजे पूर्वाहन | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुन्दों | कुन्दो |
| 2 | 25.07.2025 | कुडू | | पंचायत भवन कुडू | कुडू |
| 3 | 26.07.2025 | कुडू | | पंचायत भवन, जीमा | टिको |

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 357911 Lohardaga(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- RCD/RANCHI -20/2025-26 Dt. 22-07-2025

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- 07.08.2025 को कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 08.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 08.08.2025 को अपराह्न 3.30बजे ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0-2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची ।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- क्रमांक 5 में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | चान्हों से पुरनापानी पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26 | 25,00,000 | 50,000 | 5,000 | 90 दिन |
| 2. | NH-75 (बिजुपाड़ा चौक) से बरहे पथ (कुल लम्बाई- 3.740 कि0मी0) पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 3. | कांके ब्लॉक चौक से बेकन फैक्ट्री एवं लिंक पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 4. | शहीद चौक से हरमू पथ भाया नेहरू पार्क (जे.जे. रोड) पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 20,00,000 | 40,000 | 5,000 | 60 दिन |
| 5. | कडरू डाईभर्सन पथ में सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2025-26. | 15,00,000 | 30,000 | 2,500 | 60 दिन |
| 6. | हरमू चौक से भारत माता चौक भाया मुक्तिधम पथ में साधारण मरम्मरति है कार्य वर्ष 2025-26. | 8,00,000 | 16,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 7. | कडरू से हिन्दपिढी पथ में सतहनवीकरण है कार्य वर्ष 2025-26. | 5,00,000 | 10,000 | 750 | 60 दिन |
| 8. | अरगोड़ा चौक से कडरू मोड़ पथ में सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2025-26. | 20,00,000 | 40,000 | 5,000 | 60 दिन |
| 9. | आई.टी.आई. बस स्टैण्ड (NH-23 पर) से संत फ्रांसिस विद्यालय तक पथ (कुल लम्बाई-3.910 कि0मी0) पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 15,00,000 | 30,000 | 2,500 | 60 दिन |
| 10. | दिनदयाल चौक से पुराना अरगोड़ा चौक पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 15,00,000 | 30,000 | 2,500 | 60 दिन |
| 11. | ए.टी.आई. चौक से राम मंदिर पथ में सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2025-26. | 20,00,000 | 40,000 | 5,000 | 60 दिन |
| 12 | एल.पी.एन. साहदेव चौक से बूटी मोड़ में साधारण मरम्मति एवं नाली का निर्माण कार्य वर्ष 2025-26. | 25,00,000 | 50,000 | 5,000 | 90 दिन |
| 13. | टैगोरहिल रोड दिव्यायन मोड़ से रिम्स पथ साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 14 | सिरखाटोली से सहकारिता भवन पथ साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 15. | मिलन चौक (टिपुदाना-एन.एच.-75) से रामकृष्ण मिशन टी.बी. सेनोटेरियम पथ साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 16. | कचहरी चौक से ओभर ब्रीज पथ में डिभाईडर पेंटिंग, पुलिया, कर्ब मरम्मति एवं ग्रिल मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 17. | एन.एच.-33 का शहरी पथांश (मेगा स्पोर्टस 6 लेन पहुँच पथ होते हुए)-लालगंज-टाटीसिल्वे (एम.डी.आर-005) पथ (कुल लम्बाई -8.00 कि0मी0) में अवस्थित पुल/पुलिया का मरम्मति एवं रंग रोगन कार्य कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |
| 18. | चुटिया केतारी बागान नामकुम पथ में स्वर्णरेखा नदी पर निर्मित पुल का साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2025-26. | 10,00,000 | 20,000 | 1,250 | 60 दिन |

- निविदा की शेष शर्ते http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
- प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 357886 Road Construction Dept Road Division Ranchi (25-26)_D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

## कोल इंडिया के अध्यक्ष से मिले रविंद्र पांडेय



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद से कोलकाता स्थित राजारहाट-न्यू टाउन स्थित उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इस दौरान कोल इंडियन अंतर्गत बीसीसीएल, सीसीएल एवं इसीएल के विभिन्न कोलियरियों में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर ध्यान आकृष्ट करवाया। अनियमितताओं में मुख्य रूप से अवैध कोयला खनन, कोयला के ग्रेड में हेराफेरी, मैनपावर एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों के साथ तालमेल नहीं होने से कोयला उत्पादन में अनियमितता, सीसीएल के बोकारो एवं करगली और कथारा क्षेत्र में सीएसआर के तहत लगाए गए बंद वाटर एटीएम की मरम्मति, भूमिगत खदानों में सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं होने से आग लगाने की घटना, कोयला के स्टॉक में आग लगना, सीसीएल के ढोरी क्षेत्र अंतर्गत बंद अंगवाली एवं पिछरी कोलियरी को पुन: खोलना, जीपीएस डिवाइस को निष्क्रिय कर ट्रांसपोर्टिंग किया जाना, सीसीएल के बोकारो एवं करगली क्षेत्र के एकेके ओसीपी एवं कारो परियोजना में करोड़ो रुपये खर्च करने के बावजूद शिफ्टिंग नहीं होना, सेवानिवृत कर्मियों को लीज पर क्वार्टर आवंटित करना आदि शामिल है। उक्त मामलों को लेकर पूर्व सांसद ने कोल इंडिया के अध्यक्ष को विस्तार के चर्चा की और इस पर अंकुश लगाने एवं उचित करवाई करने का आग्रह किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा बेरमो प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद भी उपस्थित थे।

## सीएमडी से मिले डॉ लंबोदर महतो, ग्रामीण विस्थापितों की समस्या से अवगत कराया



कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)। गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह से मुलाकात कर ग्रामीण विस्थापितों सहित मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की। रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय के दरभंगा हाउस में हुई इस मुलाकात में डॉ लम्बोदर महतो ने सीएमडी से कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के मांगों से अवगत कराते हुए वर्ष 2019 से काटे गए सभी यूनिट्स को विद्यालय के साथ वापस जोड़ने, कोल इंडिया के आदेश का अनुपालन करते हुए शिक्षकों के 2019 के समय से वेतन वृद्धि का एरियर बनाकर भुगतान करने, सीसीएल में डीएलएड किए शिक्षकों को बीटी के समक्ष प्रशिक्षित मानकर अनुदान में वृद्धि किए जाने सहित कथारा क्षेत्र के ग्रामीण विस्थापितों का जल्द पेप कार्ड जारी करने, सीसीएल कथारा कोलियरी माइंस में लगी भीषण आग पर नियंत्रण पाने की दिशा में ठोस कदम उठाने, क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों के कार्य में 75 फीसदी स्थानीय ग्रामीण विस्थापितों को नौकरी देने, कथारा कोलियरी माइंस के बाउंड्री के बगल से झिरकी यादव एवं मुस्लिम टोला जाने वाले रास्ते की मरम्मत कराने, बांध पंचायत के गांवों एवं बांध कॉलोनी में नया पाइपलाइन के माध्यम से पानी सप्लाई की व्यवस्था करने और कथारा चार नंबर कॉलोनी के शेष बचे हिस्से में नई पाइपलाइन लगाकर पानी सप्लाई की व्यवस्था करने के साथ ही जांच के माध्यम से हैवी ब्लास्टिंग से नुकसान हुए घरों के मालिकों को उचित मुआवजा देने आदि बातों से अवगत कराया। इस पर सीएमडी ने पूर्व विधायक को सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। इस मौके पर आजसू नेता संतोष महतो मौजूद थे।

## गोविंदपुर में पकड़े गये प्रेमी जोड़े की रात को ही मंदिर में करायी गयी शादी



धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कालाडीह शिव मंदिर सोमवार की आधी रात एक प्रेमी जोड़े की शादी करवाई गई। जानकारी के मुताबिक दोनों के बीच करीब साल भर से अधिक समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की पक्ष के लोगों ने गोविंदपुर बाजार में लड़का-लड़की को एक साथ घूमते देखा तो उन्हें पकड़ लिया। इस पर लड़के ने शादी करने की इच्छा जताई। इसके बाद लड़की पक्ष की ओर से लड़के के घर वालों को फोन किया गया। इस पर लड़का पक्ष ने स्पष्ट रूप से शादी से इन्कार तो नहीं किया, लेकिन मौके पर आने में आनाकानी करने लगे। इसके बाद लड़की पक्ष के मामा की मौजूदगी में शादी की तैयारी शुरू हो गयी। बाद में लड़का पक्ष से उसके माता-पिता तो नहीं पहुंचे, लेकिन कुछ रिश्तेदार जरूर मौजूद हुए। इसके बाद दोनों पक्षों की उपस्थिति में कालाडीह शिव मंदिर में लड़का-लड़की की शादी रश्में शुरू हुई। इस शादी में लड़की पक्ष के 50 से अधिक लोग शादी में शामिल हुए। सभी लोगों की मौजूदगी में दोनों का विवाह संपन्न कराया गया। लड़के ने लड़की की मांग में सिंदूर लगाते हुए लड़की को जिंदगीभर खुश रखने का वादा किया।

## बीजीएच के कैजुअल्टी वार्ड में लगी आग मरीजों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के कैज़ुअल्टी वार्ड के एसी में मंगलवार को अचानक आग लग गयी। इससे वार्ड में धुआं भर गया, जिससे अफरा तफरी मच गयी। मौके पर मौजूद डॉक्टर, स्टाफ एवं नर्सो ने तत्काल इलाजरत मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें पुराने कैज़ुअल्टी भवन में शिफ्ट किया। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के आहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा कि आग की लपटे सिस्टम रूम में लगे एयर कंडीशनर से उठी। जिसके बाद कैज़ुअल्टी वार्ड में धुआं भर गया। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विभूति भूषण ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया कि इस घटना में किसी के आहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, कैज़ुअल्टी इंचार्ज डॉक्टर अवध ने बताया कि घटना के समय कैज़ुअल्टी में चार मरीज थे। जिन्हें तुरंत स्टाफ-नर्स की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## स्टार्टअप इंडिया पिच प्रतियोगिता का आयोजन

बोकारो (आजाद सिपाही)। दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में मंगलवार को वाणिज्य विभाग के सौजन्य से कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्टार्टअप इंडिया पिच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता की भावना का विकास करना और उन्हें व्यावसायिक जगत की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न नवीन व्यावसायिक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें सामाजिक समस्याओं के समाधान से लेकर डिजिटल मार्केटिंग और हरित ऊर्जा से जुड़े विचार भी शामिल थे। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने कहा कि प्रतियोगिता में बच्चों ने जिस जोश, रचनात्मकता और व्यावहारिक सोच का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है। एक व्यवसाय की शुरूआत केवल एक विचार से नहीं, बल्कि निरंतर कड़ी मेहनत एवं योजना की आवश्यकता होती है।

# मालगाड़ी की चार बोगी हुई बेपटरी

## फुसरो स्टेशन एवं अमलो हॉल्ट के बीच मेनलाइन पर हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता



बेपटरी हुई मालगाड़ी की बोगियां।

फुसरो/बेरमो। गोमो-बरकाकाना रेलखंड के फुसरो रेलवे स्टेशन एवं अमलो हॉल्ट के बीच फुसरो ओवरब्रिज के समीप मेनलाइन पर सोमवार की देर शाम मालगाड़ी की चार बोगियां बेपटरी हो गयी। इसकी जानकारी पाकर फुसरो रेलवे स्टेशन मास्टर रूपलाल महतो सहित अन्य रेल कर्मी मौके पर पहुंच गये। इसके बाद तुरंत इसकी जानकारी रेलवे विभाग को दी गयी। बाद में मालगाड़ी को पटरी पर लाने के लिए कार्य शुरू किया गया। इस बाबत स्टेशन मास्टर ने बताया कि सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अमलो रेलवे साइडिंग से मालगाड़ी कोयला लेकर प्लेट फार्म संख्या दो से फुसरो स्टेशन के समीप कोयले का कांटा करवाने के लिए जा रही थी। इस बीच फुसरो ओवरब्रिज के समीप पोल संख्या 29/12 से 29/16 के बीच इंजन के पीछे से चार बोगी को छोड़कर चार बोगी बेपटरी हो गयी। बतातें चलें कि मालगाड़ी में 59 बोगियां थी, जिसमें कोयला लदा हुआ था। उक्त मालगाड़ी को को फुसरो स्टेशन के समीप कोयले का कांटा करवाने के बाद डीवीसी के बोकारो थर्मल पावर प्लांट जाना था। हालांकि इस घटना में किसी के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। गौरतलब हो कि इससे पहले 27 अगस्त 2024 को फुसरो में मालगाड़ी की दो बोगी बेपटरी हो गयी थी। 21 जुलाई 2024 को भी पांच नंबर धौड़ा स्थित रेलवे साइडिंग में मालगाड़ी की दो बोगी बेपटरी हो गयी थी।

# 780 किलो मिलावटी पनीर खोवा, पेड़ा और लड्डू जब्त

## बिहार से बसों में भरकर लाया जा रहा था झारखंड, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर मंगलवार की तड़के चार बजे अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा, डीएसपी मुख्यालय के सहयोग से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने बिहार से धनबाद आने वाली बसों में श्रमिक चौक से पूजा टॉकीज के बीच छापामारी की। इस दौरान बुंदेला नामक बस से 780 किलो मिलावटी पनीर, 80 किलो खोवा, 25 किलो पेड़ा एवं 25 किलो लड्डू जब्त किया गया। डीसी ने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने सख्त निर्देश दिया है कि आगामी त्योहारों को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जाए। इसी संदर्भ में तड़के जांच अभियान चलाया गया। बताया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पिछले दो दिनों से इन बसों की रेकी कर रहे थे। जिसमें पाया गया कि इन बसों में भारी मात्रा में पनीर एवं अन्य खाद्य सामग्री उतारी जाती है। जब्त पनीर, खोवा, पेड़ा एवं लड्डू की खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मौके पर ही जांच की। जिसमें सभी सामग्रियों में स्टार्च की मौजूदगी पायी गयी है। सभी मिलावाटी सामग्रियों को जब्त कर उनके नमूने लेकर रासायनिक जांच के लिए रांची के नामकुम स्थित राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। वहीं बुंदेला बस के मालिक पर भी कार्रवाई की तैयारी शुरू की गयी है। डीसी ने कहा कि आगामी त्योहारों के मजद्देनजर खाद्य समाग्री में मिलावट के विरूद्ध छापामारी जारी रहेगा।

# दुर्घटनाग्रस्त कृष्णकांत की शिकायत सुनने निचले तल्ले पर पहुंचीं डीडीसी

**जनता दरबार में 41 मामलों की डीडीसी ने की सुनवाई, कई मामलों का किया निष्पादन**



बोकारो (आजाद सिपाही)। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के तहत मंगलवार को समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में डीडीसी शताब्दी मजूमदार लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए 41 से अधिक लोगों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा। डीडीसी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अविलंब जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, एक विशेष मामला चास रेलवे कालोनी के दुर्घटनाग्रस्त युवक कृष्णकांत महतो से संबंधित आया। उसके दोस्तों ने बताया कि दुर्घटना के कारण कृष्णकांत चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वह सीढ़ी चढ़कर ऊपर नहीं आ सकता। इसलिए अपनी समस्या खुद नहीं रख पा रहा है। इस पर डीडीसी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए खुद युवक से मिलने पहुंच गयीं। जनता दरबार के बाद डीडीसी समाहरणालय के निचले तल्ले पर पहुंचीं और फरियादी कृष्णकांत से मिलकर उसकी समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके से ही सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं चिकित्सकीय टीम को निर्देश दिया कि समन्वय स्थापित कर कृष्णकांत को बेहतर इलाज और समुचित चिकित्सकीय सुविधा तत्काल मुहैया कराई जाए। यह भी कहा कि प्रशासन हर जरूरतमंद और असहाय व्यक्ति के साथ है। वहीं, जनता दरबार में प्रमुख रूप से भूमि अतिक्रमण, जमीन पर अवैध कब्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, सिविल सर्जन कार्यालय, बीएसएल, श्रम अधीक्षक कार्यालय, भू-अर्जन, राजस्व, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पदाधिकारी कार्यालय आदि मामले आये। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, पियूष और अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी थे।

## आइआइटी आइएसएम गेट के पास दुकानदारों पर कार्रवाई का विरोध

धनबाद (आजाद सिपाही)। आइआइटी आइएसएम गेट के पास नगर निगम की ओर से मंगलवार को दुकानदारों के खिलाफ की गई कार्रवाई से लोगों में असंतोष है। विधायक राज सिन्हा और सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर अपर नगर आयुक्त से मिले और इस कार्रवाई को तुरंत बंद करने की मांग की। साथ ही, प्रभावित दुकानदारों को उचित सहायता-संरक्षण देने की मांग की।

## सरिया बीडीओ ने किया विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण

# पंचायत भवन बंद देख हुए नाराज अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



सरिया/गिरिडीह। सरिया प्रखंड के बीडीओ ललित नारायण तिवारी ने मंदरामो पश्चिमी पंचायत में मनरेगा एवं आवास सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। उक्त पंचायत के बिरहोर टंडा में पीएम जनमन से बन रहे जनजातीय आवासों का निरीक्षण करने के दौरान आदिम जनजाति के लाभुकों से मुलाकात की और शीघ्र आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरहोर परिवारों से मुलाकात के दौरान उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए समाधान करने का वादा किया गया। बिरहोर टण्डा के आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूल में बच्चों से रू-बरू होते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। हालांकि निरीक्षण के दौरान मंगलवार की सुबह 11.30 बजे तक पंचायत भवन बंद पाया गया। इस पर नाराजही जाहिर करते हुए बीडीओ ललित नारायण तिवारी ने संबंधित लोगों से स्पष्टीकरण मांग है। उधर, लोगों का कहना है कि कि इसी तरह लगातार निरीक्षण होता रहे तो भ्रष्टाचारियों में डय पैदा होगा और पंचायत क्षेत्र में नियमित विकास होगा। लोगों का कहना है कि एक तरफ गिरिडीह डीसी खुद विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर रहे तो, दूसरी ओर सरिया बीडीओ भी लगातार पंचायत में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, जो अच्छी पहल है। इस मनरेगा बीपीओ संजय कुमार, अकाउंटेंट पवन कुमार, आवास बीसी मुजाहिद, रोजगार सेवक देवनंदन कुमार उपस्थित थे।

# वीआर लैब ठेका श्रमिकों की सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए साबित होगा मील का पत्थर : वीरेंद्र कुमार तिवारी



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के सेक्टर 2सी स्थित ठेका श्रमिक प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को वीआर (वर्चुअल रियलिटी) लैब एवं योग प्रशिक्षण का शुभारंभ निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (एस एंड एफएस) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल) लक्ष्मी दास, वरीय अधिशासी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (एस एंड एफएस) बीके सरतापे ने ठेका श्रमिकों के सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी लैब के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि यह लैब सभी ठेका श्रमिकों के कार्य संबंधित सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए उन्नत तकनीक से सामान्य सुरक्षा, ऊंचाई पर काम करने के सुरक्षात्मक पहलु, सीमित स्थान में काम के प्रति सुरक्षा एवं जटिल कार्य विधियों के खतरों के बारे में प्रशिक्षण का नया आयाम खोलने का माध्यम है। वहीं, निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि वीआर लैब ठेका श्रमिकों के सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा। निदेशक प्रभारी ने ठेका श्रमिकों को इस केंद्र में योग प्रशिक्षण की सुविधा का भी लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके बाद निदेशक प्रभारी ने प्रशिक्षण केंद्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (सुरक्षा एवंअग्निशमन सेवाएं) हिमांशु शर्मा ने किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।**
**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/राँची–21/2025–26
दिनांक :– 22.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | अरगोड़ा (पुराना अरगोड़ा चौक) (MDR-018 पर) से नया सराय (रिंग रोड) (MDR-013 पर) भाया पुन्दाग पथ (कुल लम्बाई–6 .175 कि0मी0) के चार लेन में निर्माण (पुल निर्माण सहित) कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2. | प्राक्कलि राषि (रू0 लाख में) | रू0 3104.12750 लाख (रूपये इकतीस करोड़ चार लाख बारह हजार सात सौ पचास रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राषि (रू0 लाख में) | रू0 31.05 लाख (रूपये इकतीस लाख पांच हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 14 (चौदह) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 24.07.2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 18.08.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 19.08.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008 |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे ***Tender Online Upload*** में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए ***UCAN*** निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखें।

PR 357935 Road Construction Dept Road Division Ranchi(25-26)D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।



**मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड,लोहरदगा**
**(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**
**जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा**
**laghukutirgumla@rediffmail.com**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिले के सर्वसाधारण माटीशिल्पकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड माटीकला बोर्ड राँची द्वारा 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर वैसे माटीशिल्पकरों के बीच विद्युत चाक का वितरण किया जाना है जो पहले किसी सरकारी संस्थान द्वारा अनुदानित दर पर विद्युत चाक प्राप्त नही है।

अतः पूर्व से आवेदन समर्पित माटीशिल्पकारों को सूचित किया जाता है कि पहले आईये पहले पाईये के आधार पर माटीशिलकार को अपना आधार का फोटो कॉपी, एक पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, अपने बैंक पासबुक का फोटो कॉपी एवं झारखण्ड माटीकला बोर्ड राँची के पदनाम से डिमांड (रू 2345.00) ड्राफ्ट के दिनांक 03.08.2025 तक जमा करना है। तत्पश्चात आवेदक को विद्युत चाक का वितरण किया जाना है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क नं0 9065520262 जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, कार्यालय, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा।

जिला उद्यमी समन्वयक,
लोहरदगा

PR 357867 Lohardaga(25-26).D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

**मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" 2025–26 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0– 11 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणों के अनुरूप कार्यकम कियान्वयन किया जाना है–

| क0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य लागत | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जलाशयों में केज मत्स्य पालकों हेतु Three Buckle 5 mm EPF foam filled the whole jacket, weight capacity: 70-120 kg, buoyancy 150 N, material – polyster water resistance, size – standard 68 cm x 37 cm x 10 cm, equipped with useful whistle का लाईफ जैकेट | 101 | सं0 | 30 | 2420/– रू0 प्रति इकाई | 25 प्रतिशत या 605/– रू0 प्रति इकाई जो अधिक हो। | आवेदक केज में मछली पालन कर रहे हो एवं वे अपना अंशदान लगाने हेतु सहमत हों। |
| 2 | पुरस्कार/सम्मान | 101 | संख्या | 02 | 30,000/– रू0 प्रति कृषक | 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य पैकैजिंग हेतु ऑक्सजन सिलिंडर (Accessories सहित) के कय के विरूद्ध प्रोत्साहन राशि के रूप में 30,000/– रू0 डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा। | रामगढ़ जिला के उत्कृष्ट मत्स्य कृषक, मत्स्य बीज उत्पादक, हैचरी संचालक इस हेतु आवेदन कर सकते है। |
| | | 789 | संख्या | 01 | | | |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में रामगढ़ जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अर्हता रखते है एवं आवेदित कार्यक्रम के कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम है, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 02.08.2025**
**आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़।**
**आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 357882 (Fish) 25-26 (D)

### यूपी कैबिनेट ने 37 प्रस्तावों को दी मंजूरी

## महिलाओं के नाम रजिस्ट्री कराने पर स्टांप में छूट

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर स्टांप में छूट देने का फैसला लिया गया है। एक करोड़ तक की रजिस्ट्री में एक फीसदी स्टांप तक की छूट दी जायेगी। इसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये रखी गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कैबिनेट ने 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी है। बैठक के बाद यूपी सरकार के मंत्रियों ने फैसलों के बारे में जानकारी दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्रों को स्मार्टफोन नहीं, बल्कि सिर्फ टैबलेट दिया जायेगा। इसके लिए दो हजार करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। अभी तक 60 लाख बच्चों को टैबलेट दिया जा चुका है। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से सभी 121 पॉलीटेक्निक में टाटा टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित होगा। पहले चरण में 45 पॉलीटेक्निक अपग्रेड किये जायेंगे। इस पर 6935 करोड़ का खर्च आयेगा।

## आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड दिनेश प्रसाद सिंह और डॉ एमके सिंह को




झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति डॉ (प्रो) एमके सिंह को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा गढ़वा के ब्यूरो चीफ विजय प्रताप देव ने कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति डॉ एमके सिंह को प्रमाणपत्र सौंपा।

## एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ-315 में लगी आग

नयी दिल्ली। हांगकांग से दिल्ली आनेवाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआइ-315 की लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के बाद उसकी ऑक्जिलियरी पावर यूनिट में आग लग गयी। घटना उस समय हुई, जब यात्री विमान से उतरना शुरू कर चुके थे। सुरक्षा प्रणाली के अनुसार ऑक्जिलियरी पावर यूनिट को स्वतः बंद कर दिया गया।


पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
वरीय मंडल विद्युत अभियंता (विद्युत सामान्य) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:
ई निविदा सं.: ईएल–24–ओपन–2025–26.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : कोचिंग डिपो, धनबाद, गोमोह, बरकाकाना, चोपन और सिंगरौली में वाशिंग पिट में प्रकाश व्यवस्था के विस्तार और मुख्य एवं मिनी शेड, पतरातू में विद्युत परिसंपत्तियों के विस्तार के संबंध में विद्युत कार्य। (कार्यसमापन अवधि : बारह महीना) | 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹1,69,57,420.73, 3. बिड सिक्युरिटी :₹2,34,800.00, 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 11.08.2025 को 11:00 बजे | ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 11.08.2025 को 11:30 बजे के बाद | 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
वरीय मंडल विद्युत अभि. (विधुत सामान्य)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/0636/डीएचएन/विद्युत/टी/25–26/32

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–
1. ई–निविदा सं. : 145-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल : व.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार में संवेदक के स्वयं के पीक्युआरएस पोर्टल एवं गैन्ट्री के द्वारा बरकाकाना–गढ़वा रोड सेक्शन (अप) में थ्रु स्लीपर नवीनीकरण (प्राइमरी) टीएसआर/पी = 60.21 टीकिमी.। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹13,50,04,331.06
2. ई–निविदा सं. : 146-DHN-2025-26. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : एम एवं पी/कार्य प्रोग्राम के अधीन कैपिटल स्टोर डिपो/टीआरएस/गोमो के नये भवन एवं पुराने गोदाम में इन्फ्रास्ट्रकचर। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹30,57,211.06
3. ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 13.08.2025 को 12:00 बजे तक | ई–निविदा खुलने की तारीख 13.08.2025 को 12:30 बजे से। 5. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/0635/डीएचएन/अभि./टी/25–26/44

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी
• इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी
• हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना)
डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर - लो पंपिंग हार्ट, पैरों में सूजन।
• हार्ट अटैक - सीने में तेज दर्द, पसीना तथा साँस फूलना।
• हार्ट ब्लॉक - बार-बार अवचेतन होना, पल्स रेट कम होना, ब्लैक आउट होना।
• हाइपरटेंशन - बीपी हाई होना।
• हाई कॉलेस्ट्रॉल / मेटाबॉलिक सिन्ड्रोम।
• हार्ट एरिदमिया - धड़कन अधिक तेज और धीमा होना।
• पाल्पीटेशन - साँस का फूलना।
• दिल का छेद, बच्चों का नीला पड़ना / वजन न बढ़ना / दूध पीते समय पसीना आना।
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
संपर्क - 8002882735, 8100360617, 8573987365

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC
J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

॥ बोल बम ॥ ॥ ॐ नमः शिवाय ॥ ॥ बोल बम ॥
महामंडलेश्वर कांवरिया सेवा शिविर
अंतर्राष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा निःशुल्क सेवा शिविर
में आप सभी कांवरिया बन्धुओं का हार्दिक स्वागत है।

₹99,000/- में तीन MARS स्कूटी
Home Delivery for All Jharkhand*
J.K. SALES
M.- 9386070011
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi

चारधाम यात्रा
केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री
हरिद्वार, ऋषिकेश, माना गांवा, धारी देवी
30 जुलाई तक बुकिंग कराने पर 5000 की छूट
SL ₹27,500 3AC ₹40,500 2AC ₹48,500
यात्रा दिनांक
अगस्त- 01.08.2025
अगस्त- 16.06.2025
सितंबर- 01.09.2025
सितंबर- 16.09.2025
7079044000, 7079088000
माँ कामख्या धार्मिक रेल यात्रा
केशरी नर्सिंग होम, पहला तल्ला, पिस्का मोड़, रांची, झारखंड

GANGA MOTORS
आपका विश्वास, हमारा प्रयास
E-Rickshaw & Battery
ELE SS E-Rickshow
On Road Price Rs. 1,85,000/- मात्र
▪ Lithium Single Battery 3 Years Warranty
▪ आसान किस्तों में उपलब्ध Down Payment - 25,000/- मात्र
▪ GPS के साथ
Free LED TV ऑफर सीमित समय के लिए
आसान फाइनेंस सुविधा
मो. 9102227455, 9102228123
लक्ष्मी टावर रिम्स गली, कोकर, रांची

ABHYUDAYA ACADEMIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
Session : 2025-26
Classes PLAY To STD II
Tirli Road, Behind Sadhu Maidan, Kokar, Ranchi
Mob.: 7970878241 7250270653

आरवी सोफा हाउस
हॉलसेल एवं रिटेल विक्रेता एवं सप्लायर
एच. बी. रोड, नियर गुमला पेट्रोल पंप, बूटीमोड़, रांची

PRIME AUTO NATION
Used Car Sale & Purchase
हमसे अच्छा हमसे सस्ता, कहीं नहीं
FINANCE AVAILABLE
FOR MORE DETAILS CONTACT NOW
9835196977, 8521354155
Near Jumar River Bridge, HB Road, Opp.- BSNL Office, Ranchi

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

ADARSH ACADEMY
Let's Start From Zero to Reach Infinity
AADHAR
VII TO X JAC /CBSE/ICSE
XI & XII JAC /CBSE/ICSE
B.Sc. Mathematics (All Semesters)
JEE/NEET
ADMISSION OPEN
For Demo Visit Our Youtube Channel ADARSH ACADEMY RANCHI
8789921216, 7061333946
Plaza Chowk: Opp. Mahila Polytechnic College, Ranchi.
Sujata Chowk: 2nd Floor, City Centre, Opp. Gossner College, Ranchi.

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

MONSOON SALE START TODAY
DISCOUNT UP TO 51%
•Designer Saree •Designer Suit •Gown Suits •Unstiched •Lahenga
7 DAYS OPEN
BALAJI Saree Next हर दिन कुछ नया
KAUSHALYA CHAMBER
P.P. COMPOUND,
MAIN ROAD, RANCHI
PH. 8252501110
06513591444



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**